तापमान
अधिकतम 29 .6 डिग्री
न्यूनतम 10 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार, 19 फरवरी 2025

11 कृषि के क्षेत्र में सरकारी योजनाओं की दी जानकारी



12 26 वार्डों में चित्रा के महारथी भाजपा के लिए बने ...



## कुवि दीक्षांत समारोह: 2000 पीजी व यूजी के छात्रों को वितरित की डिग्रियां, 91 को गोल्ड मेडल दिए

# विकसित भारत बनाने में युवाओं का होगा अहम योगदान: सीएम

- दीक्षांत समारोह में 130 छात्रों को पीएचडी की उपाधि दी गई
- दीक्षांत समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को डॉक्टर ऑफ लिटरेचर की मानद उपाधि से किया अलंकृत
- इसरो के वैज्ञानिक डॉ. सोमनाथ एस को यूनिवर्सिटी की तरफ से दी डाक्टर आफ लिट्रेचर की मानद उपाधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के राज्यपाल और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय ने मंगलवार को विश्वविद्यालय के 34वें दीक्षांत समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र में उनके विशिष्ट योगदान के लिए डॉक्टर ऑफ लिटरेचर की मानद उपाधि से अलंकृत किया। साथ ही, विज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले और अंतरिक्ष में भारत का गौरव बढ़ाने वाले इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. एस. सोमनाथ को भी विश्वविद्यालय द्वारा मानद उपाधि और गोयल पीस प्राइज से सम्मानित किया गया। अहम पहलू है कि इस दीक्षांत समारोह में लगभग 2000 विद्यार्थियों को डिग्री तथा 130 पंजीकृत पीएचडी धारकों को पीएचडी की उपाधि तथा 91 पंजीकृत विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल तथा मेरिट सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। इससे पहले हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, कालका से विधायक शक्ति रानी शर्मा, इसरो वैज्ञानिक डॉ. सोमनाथ एस, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल, डॉ. एसपी सिंह व डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. दिनेश कुमार ने दीपशिखा प्रज्ज्वलित कर विधिवत रूप से 34 वें दीक्षांत समारोह का शुभारंभ किया तथा स्मारिका का विमोचन भी किया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है कि जब हम भारत की आजादी के 100 वर्ष मनाएंगे, तब हमारा भारत देश एक विकसित राष्ट्र बने। उन क्रांतिकारी वीरों के सपनों का भारत बने, जिन्होंने भारत को आजाद करवाने के लिए अपना सर्वस्व बलिदान दिया। इस विजन को साकार करते हुए वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में सबसे महत्वपूर्ण योगदान युवाओं का होगा। इसलिए युवाओं को मानसिक, शारीरिक एवं नैतिक रूप से मजबूत बनना है और जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त करना है। मुख्यमंत्री ने पीएचडी की उपाधि से विभूषित और पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह केवल डिग्री नहीं, बल्कि आपकी मेहनत का सम्मान है। उन्होंने विद्यार्थियों के अभिभावकों व संकाय सदस्यों को भी बधाई दी। उन्होंने इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. एस. सोमनाथ को विश्वविद्यालय द्वारा मानद उपाधि और गोयल पीस प्राइज से सम्मानित करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।




कुरुक्षेत्र। दीक्षांत समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को डॉक्टर ऑफ लिटरेचर की मानद उपाधि से अलंकृत करते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय। फोटो : हरिभूमि

### देश में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्षेत्र में 1 करोड़ नौकरियों के मिलेंगे युवाओं को अवसर: राज्यपाल

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने पीएचडी, पीजी, यूजी की डिग्री लेने वाले और गोल्ड मेडल हासिल करने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इन विद्यार्थियों में देश के उज्जवल भविष्य को देखा जा सकता है। इस 34 वें दीक्षांत समारोह के बाद सभी विद्यार्थियों की जिंदगी में एक नई यात्रा की शुरूआत होगी। इस यात्रा से अभिभावकों, गुरुजनों को काफी अपेक्षाएं रहेंगी। कोई विद्यार्थी नौकरी की तलाश में होगा और कोई अपने व्यवसाय की तरफ आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की प्रतिभा को देखकर नजर आ रहा है कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से डिग्री लेने के बाद अधिकतर विद्यार्थी नौकरी हासिल करने वाले नहीं अपितु नौकरी देने वाले संस्थान के रूप में मुकाम हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि इस नई राह में अनेक चुनौतियां सामने आएंगी। सभी विद्यार्थियों को इन चुनौतियां का सामना करना है और अपनी मंजिल को हासिल करना है। इस मंजिल को हासिल करने के लिए विद्यार्थियों को मेहनत, ईमानदारी के साथ आगे बढ़ना होगा। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से देश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू कर दी गई है। इस शिक्षा नीति से देश में बड़ा परिवर्तन होने वाला है। इससे नवाचार, तकनीकी, शोध, शिक्षा, संस्कार, नैतिक मूल्य से युवा पीढ़ी को एक नया मार्ग दर्शन मिलेगा। जब सभी विद्यार्थी नई सोच के साथ आगे बढ़ेंगे तो निश्चित ही वर्ष 2047 तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपनों का विकसित भारत बनेगा। राज्यपाल ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को ए-प्लस-प्लस ग्रेड व एनआईआरएफ की 41वीं रैंकिंग मिलने पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन, शिक्षकों और कर्मचारियों की मेहनत के कारण विश्वविद्यालय उन्नति की राह पर तेज गति के साथ आगे बढ़ रहा है। यह विश्वविद्यालय प्रदेश का सबसे प्राचीन विश्वविद्यालय है इसलिए विद्यार्थियों को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से मिली शिक्षा और संस्कारों का हमेशा जहन में रखना होगा।

### हरियाणा ने शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक, शोध और औद्योगिक क्षेत्र में बनाई अलग पहचान

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद ने 1956 में इस कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की आधारशिला रखी। तब से लेकर विश्वविद्यालय ने विकास की एक लंबी यात्रा तय की है। उन्होंने कहा कि हरियाणा ने शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक, शोध और औद्योगिक क्षेत्र में प्रगति कर देश में एक अग्रणी राज्य के रूप में अपनी एक अलग पहचान बनाई। इस पहचान में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि ऐसे ही शिक्षण संस्थानों की क्षमता के बलबूते हरियाणा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को पूरी तरह से लागू किया है।

### प्रदेश में दी जाएंगी 2 लाख और नौकरियां

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 2014 से पहले हरियाणा में ऐसा माहौल था कि युवाओं को सरकारी नौकरी प्राप्त करने के लिए विधायक, मंत्री या मुख्यमंत्री तक के चक्कर काटने पड़ते थे। युवाओं में अविश्वास था कि शिक्षा प्राप्त करने से नौकरी नहीं मिलती। इस अविश्वास को पिछले 10 सालों में वर्तमान सरकार ने तोड़ने का काम किया है। हमारी सरकार ने पारदर्शिता के साथ बिना पर्ची-बिना खर्ची युवाओं को केवल योग्यता के बल पर सरकारी नौकरियां प्रदान की हैं। पिछले 10 सालों में 1 लाख 75 हजार युवाओं को नौकरियां दी गई। वहीं, आने वाले समय में सरकार 2 लाख और नौकरियां देने का काम करेगी।

### हर बच्चे को मिले गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि एक दशक पहले तक हरियाणा में बेटियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए दूर-दराज के कॉलेजों में जाना पड़ता था। इस कारण अधिकतर बेटियां शिक्षा से वंचित रह जाती थी। उनकी इस पीड़ा को समझते हुए सरकार ने रोडमैप तैयार किया और हर 20 किलोमीटर पर एक कॉलेज स्थापित करने का संकल्प लिया। पिछले 10 सालों में 79 कॉलेज खोले गए, जिनमें से 30 केवल लड़कियों के हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का ध्येय है कि हर बच्चे को अपने घर के नजदीक ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। न्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के साथ-साथ युवाओं के कौशल विकास पर भी बल दे रही है। समय की मांग के अनुसार स्कूल से विश्वविद्यालय तक की शिक्षा को कौशल के साथ जोड़ा है।

## खबर संक्षेप

### इग्नू ने दाखिलों की अंतिम तिथि 28 फरवरी तक बढ़ाई

**यमुनानगर।** इग्नू ने दाखिलों की अंतिम तिथि बढ़ाकर 28 फरवरी कर दी है। विद्यार्थी 28 फरवरी तक अपने फार्म जमा करवा सकते हैं। इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्म पाल ने बताया कि मास्टर इन सोशल वर्क कार्यक्रम व्यावसायिक सामाजिक कार्य में उच्च अध्ययन के लिए शिक्षार्थियों को अवसर प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि बैचलर डिग्री प्रोग्राम सोशल वर्क उन उम्मीदवारों के लिए है जो जरूरतमंद लोगों को पेशेवर सहायता प्रदान करने में रुचि रखते हैं। सामाजिक कार्य में पेशेवर प्रशिक्षण डिग्री वाले व्यक्ति आमतौर पर सामाजिक रूप से प्रासंगिक क्षेत्रों जैसे स्वास्थ्य देखभाल, सामुदायिक विकास, शिक्षा, उद्योग, परामर्श, परिवार, सुधार, सामाजिक रक्षा, महिलाओं, बच्चों, विकलांगता आदि में काम करते हैं।

### ट्रक ने बाइक सवार को कुचला, मौके पर मौत

**करनाल।** माल रोड पर एसपी निवास के निकट देर रात एक ट्रक चालक ने बाइक सवार को कुचल दिया। जिससे बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

शिकायत में शिव कॉलोनी निवासी सुशील ने बताया कि 17 फरवरी की रात करीब साढ़े 11 बजे वह और उसका भाई सुमित घर से नेवल की तरफ जा रहा था। वह अपनी ई रिक्शा में जा रहा था और उसका भाई सुमित बाइक पर सवार था। जब वह माल रोड पर एसपी निवास के समीप पहुंचा तो पीछे से एक ट्रक चालक ने ओवरटेक करते हुए उसके भाई की बाइक को टक्कर मार दी।

### घायल बाइक सवार ने इलाज के दौरान दम तोड़ा

**करनाल।** घोघड़ीपुर के समीप कार की टक्कर से घायल बाइक सवार ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया है। बाइक सवार का इलाज पीजीआई चंडीगढ़ में चल रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। शिकायत में बीजना निवासी अजय कुमार ने बताया कि उसके पिता सतपाल सुरक्षा कर्मी थी। 12 फरवरी की शाम पांच बजे घर से अपने काम के लिए निकलकर जब घोघड़ीपुर फ्लाईओवर के समीप पहुंचा तो एक कार चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे उसके पिता सड़क पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीर उन्हें अस्पताल में लेकर गए।

### एक करोड़ की ठगी का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम ने सलारगंज बाजार निवासी बुजुर्ग से डिजिटल अरेस्ट कर एक करोड़ ररुपये की ठगी करने वाले गिरोह के चौथे आरोपी पंकज निवासी चंद्र विहार फैजलपुर ईस्ट दिल्ली को गिरफ्तार किया है। थाना साइबर क्राइम प्रभारी सब इंस्पेक्टर अजय ने बताया कि इस मामले में सलारगंज बाजार निवासी मुकेश गर्ग की शिकायत पर केस दर्ज है।

### बदमाशों ने ज्वेलर्स को पीटकर लूटा

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर 25 स्थित गंदे नाल की पुलिया पर ज्वेलर अमित निवासी साईं कालोनी, उझा कालोनी, पर हमला कर बदमाशों ने लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया। ज्वेलर नाले की पुलिया पर खड़ा होकर फोन पर बात कर रहा था। तभी उस पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। अमित अस्पताल में उपचाराधीन है। वहीं हमलावरों ने अमित से 2500 रूपये व दो ग्राम सोना लूट लिया। वहीं, चांदनीबाग थाना पुलिस ने केस दर्ज कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

## शादी वाले घर पर ईंट पत्थरों से किया हमला महिला समेत 3 जख्मी

**अंबाला।** रंजिश को लेकर देर रात हमलावरों ने शादी वाले घर में ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। इसमें दो बच्चों सहित एक महिला को चोटें आई। दो पक्षों के इस विवाद के बाद आसपास के क्षेत्र में दहशत फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच में जुट गई। थाना महेश नगर के एसएचओ ने बताया कि गोविंद नगर में दो लोगों के विवाद में ईंट-पत्थर और बोतल फेंक कर झगड़ा करने लगे। जिसमें दो बच्चों सहित एक महिला बुरी तरह घायल हो गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर स्थिति को काबू में किया। घायलों को अस्पताल में भेजा गया है। घायल महिला कमलेश ने बताया कि घटना देर रात गोविंद नगर इलाके की है। जब वे एक शादी समारोह में व्यस्त थे। उसी दौरान दो दर्जन से अधिक हमलावर बाइक पर आए जिनके पास कांच की बोतलें और ईंट पत्थर थे।

- पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की

## कार-ट्रैक्टर बिजली के पोल से टकराया, चालक की मौत

- मृतक चालक की नहीं हो पाई शिनाख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जगाधरी-बिलासपुर स्टेट हाईवे पर जिला जेल के नजदीक ट्रैक्टर-ट्राली व कार की आपस में भिड़ंत हो गई। हादसे में अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर सड़क से नीचे उतर कर बिजली के पोल से टकरा गया। टक्कर से बिजली का पोल टूट कर ट्रैक्टर चालक के ऊपर गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई। खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई आरंभ कर दी है।

जानकारी के अनुसार एक ट्रैक्टर चालक जगाधरी से बिलासपुर की तरफ जा रहा था। वहीं बिलासपुर की तरफ से जगाधरी की तरफ अल्टो कार आ रही थी। जैसे ही दोनों जिला जेल के पास निर्माणाधीन पेट्रोल पंप के सामने पहुंचे तो दोनों की टक्कर हो गई। जिससे ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और सड़क से नीचे उतर कर बिजली के पोल से टकरा गया। टक्कर से बिजली का पोल टूट कर ट्रैक्टर चालक के ऊपर गिर गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, हादसे के बाद आरोपी कार में सवार युवक मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन उसकी पहचान नहीं हो पाई। पुलिस ने मामले की जांच में जुटी है।




## पानीपत: मानव तस्करी का शिकार हुई किशोरी

**पानीपत।** पानीपत में एक लापता नाबालिग लड़की के मानव तस्करी का शिकार होने का मामला सामने आया है। मामले की शिकायत लेकर परिवार वाले समाधान शिविर में पहुंचे। जहां उन्होंने पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह को अपनी शिकायत दी और कार्रवाई की मांग की। लड़की के परिवार वालों ने बताया कि उनकी बेटी करीब 10 दिन पहले घर के बाहर से लापता हो गई थी। जिस बारे में बीते एक दिन पहले ही रोहतक से कुछ लोग उनके पास पहुंचे। जिन्होंने बताया कि उनकी बेटी की शादी के लिए रिश्ता आया है। वे वेरिफिकेशन के लिए आए हैं। तब मां ने उन्हें बेटी के लापता होने की बात बताई। परिवार वालों ने मॉडल टाउन थाना पुलिस को शिकायत देकर बेटी के संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो जाने की शिकायत दी थी। शिकायत में शक जताया था कि उनकी बेटी का अपहरण कर लिया गया है। परिवार वाले उसकी तलाश कर रहे थे, लेकिन उसका कही कोई भेद नहीं लगा। रोहतक से आए लोगों के बताने पर परिवार वालों ने पुलिस को सूचित किया। जिसके बाद पुलिस के साथ जाकर लड़की को बरामद किया। जिसे पानीपत लाया गया। यहां पूछताछ में बेटी ने कई बड़े खुलासे किए।

### मेले का दूसरा दिन, भारतीय चावल के स्टालों पर लगी भीड़

## दुबई गल्फ फूड मेले में महकी तरावड़ी के चावलों की खुशबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

दुबई गल्फ फूड मेले में पूरे विश्व के देशों के फूड बनाने वाले व्यापारियों ने अलग-अलग स्टाल लगा रखे हैं तथा यह मेला विश्व का एक ऐसा मेला है जहां पर हर देश के फूड निर्माता व्यापारियों को अपने-अपने खाद्य पदार्थों के ब्रांड को प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है। यही कारण है कि विश्व का हर व्यापारी इस मेले में बड़े ही सुंदर ढंग से स्टॉल लगाकर अपने खाद्य पदार्थों को प्रदर्शित करता है। आज इस मेले का दूसरा दिन है। इस बार गैलेक्सी इंटरनेशनल प्रा. लि. के गैलेक्सी बासमती चावलों के लगे स्टाल को देखने का एक अलग ही अनुभव होता है क्योंकि इस स्टॉल पर जाकर विश्व का हर व्यापारी इस कम्पनी के सीएमडी विजय गोयल व मुनीश गोयल से मुलाकात करके उनसे व्यापार पर बात करना चाहता है। जिसका मुख्य कारण यह है कि इस फर्म का चावलों का व्यापार ईरान, इराक, यमन, सऊदी अरब, ओमान जैसे कई बड़े देशों में फैला हुआ है। कंपनी के एमडी मुनीश गोयल ने जब पत्रकार को फोन के माध्यम से बात की तो उन्होंने बताया इस मेले में इस बार जितना उत्साह देखने को मिल रहा है। इससे पहले कभी भी देखने को नहीं मिला गल्फ फूड मेले में स्टॉल लगाने का हमारा केवल एक ही मकसद होता है कि हम विदेशों से आने वाले चावल व्यापारियों से चावल के व्यापार पर एक तो चर्चा कर सके, दूसरा जो हमारी मिलों में चावल तैयार होता है उसकी क्वालिटी ओर अच्छी हो सके। आज यहां पर विदेशी व्यापारियों से मिलकर अलग ही अनुभव प्राप्त हुआ है। और अच्छे आर्डर मिलने की उम्मीद है।



तरावड़ी। स्टाल पर विदेशी बायर से बातचीत करते सीएमडी विजय गोयल, मुनीश, विपुल।

### तरावड़ी के कई एक्सपोर्टरों के स्टाल लगे

तरावड़ी। दुबई में चल रहे गल्फ फूड मेले का आज दूसरा दिन है तथा तरावड़ी शहर के कई चावल एक्सपोर्टरों ने वहां पर अपने-अपने चावलों के ब्रांड के स्टाल लगाए हुए हैं।

### दिक्कत | दामों में आई गिरावट से किसानों की लागत निकलना मुश्किल

## आलू के दामों में आई भारी गिरावट, उत्पादक किसान चिंतित, मंडी में बिक रहा 300 से 500 रुपये प्रति क्विंटल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

आलू के दामों में आई भारी गिरावट ने आलू उत्पादक किसानों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। आलू के दाम अचानक नीचे आने से किसान चिंतित हैं तो दूसरी ओर आलू की फसल को उचित नाम न मिलने से किसान उत्पादक भविष्य को लेकर चिंतित है। किसानों का कहना है कि अगर आलू के दामों में इसी तरह गिरावट रही तो उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। आलू की फसल उनके लिए घाटे का सौदा बनती जा रही है। इस समय मंडी में आलू 300 रुपये से 500 रुपये प्रति क्विंटल और लाल किस्म का आलू 600 रुपये से लेकर 1000 रुपये प्रति क्विंटल बिक रहा है। आलू उत्पादक किसानों का कहना है कि कि अगर आलू के दामों में गिरावट का यही दौर जारी रहा तो आने वाले दिनों में उनकी चिंताएं तो बढ़ेगी, साथ ही उन्हें आर्थिक नुकसान भी पहले की अपेक्षा ज्यादा उठाना पड़ेगा। आलू के दामों में आई गिरावट का प्रमुख कारण आलू की ज्यादा निकासी होना भी बताया जा रहा है। पिपली मार्केट कमेटी के सचिव गुरमीत सिंह सैनी भी मानते हैं कि इस बार आलू की पैदावार ज्यादा हुई है तो दूसरी ओर आलू की ज्यादा आवक होने से आलू के दाम अचानक गिर गए हैं, लेकिन किसानों को निराश होने की आवश्यकता नहीं है।



कुरुक्षेत्र। मंडी में बिकने के लिए आई आलू की फसल। फोटो : हरिभूमि

### घाटा पूरा करने के लिए भावांतर योजना शुरू



प्रदेश सरकार ने आलू के दामों में आई गिरावट का घाटा पूरा करने के लिए भावांतर योजना शुरू की हुई है। जिस किसान ने आलू की फसल को पोर्टल पर ब्यौरा दिया है, उस किसान को आलू के दामों में आई गिरावट का लाभ भावांतर योजना के तहत मिलेगा और सरकार ने अभी से ही यह आंकड़ा तैयार करना शुरू कर दिया है। -गुरमीत सिंह, सचिव

### सरकार किसानों के बारे में सोच रही

वहीं जिला अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन के सचिव एवं पिपली अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन के पूर्व महासचिव धर्मपाल मथाना बताते हैं कि सरकार किसानों के बारे में सोच रही है।

## चोरों ने दो घरों व दो दुकानों से नकदी व समान चुराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में चोरों ने दो घरों व दो दुकानों से नकदी समेत लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने चारों मामलों की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। प्रोफेसर कॉलोनी निवासी अनिल ठकराल ने बताया कि उसकी मॉडल टाउन में रेडिमेड कपड़े की दुकान है। दुकान का गोदाम परशूराम चौक के पास बना हुआ है। जिसमें उन्होंने गर्मियों के वस्त्र रखे हुए थे। सुबह जब वह गोदाम से माल लेने आया तो गोदाम से पांच-छह लाख रुपये का कपड़ा गायब था। सीसीटीवी फुटेज खंगाली तो उसमें चार फरवरी व छह फरवरी की सुबह साढ़े चार बजे पांच-छह अज्ञात महिलाएं गोदाम से प्लास्टिक के बोरों में सामान भरकर ले जाती हुई दिखाई दी। चोरी हुए कपड़ों में लेडिस कैपरी, लेडिज शॉर्ट्स, लेडिज टोप्स, बच्चों की टी-शर्ट, शर्ट, निक्कर आदि कपड़े थे।

**दीवार फांदकर घुसे:** यमुना गली निवासी लक्ष्य शर्मा ने बताया कि वह प्राईवेट कंपनी में काम करता है। रोज की तरह रात को काम से लौटने के बाद वह परिवार सहित मकान में सो गया था। रात करीब ढाई बजे घर में शोर होने पर उसकी व उसकी पत्नी रीतिकी की आंख खुल गई। जब वह घर के आंगन में आए तो एक व्यक्ति उन्हें देखकर दीवार फांदकर फरार हो गया।

**ताला तोड़कर बर्तन चोरी:** सेक्टर 17 स्थित शिव रंजन राय के मकान का ताला तोड़ चोर दस टोंटियां, शावर व 25 किलो कांसे व पीतल के बर्तन चोरी कर ले गए। चोर खिड़कियां तोड़ घर में घुसे और चोरी की। चोरी के समय शिव रंजन राय अपने घर संजय विहार कॉलोनी में गया हुआ था। सेक्टर 17 थाना पुलिस ने पड़ोसी राजीव पाठक की शिकायत पर केस दर्ज किया है।

उधर, रादौर के कमेटी चौक स्थित कांबोज डेयरी दुकान का ताला तोड़ चोर 20 हजार रुपये, 15 किलोग्राम देसी घी, मोटर, जूसर मिक्सी, मोबाइल व अन्य सामान चुरा ले गए। पुलिस ने दुकानदार अलाहर निवासी मनोज कुमार की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है।

## खबर संक्षेप



### मोहन सिंह बाठ को सीएम ने किया बीजेपी में शामिल

**करनाल।** करनाल के जाने माने शिक्षाविद व समाज सेवी, प्रयास फाउंडेशन के अध्यक्ष और दून ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन्स के प्रबंन्ध निदेशक कुलजिन्दर मोहन सिंह बाठ को मंगलवार को बीजेपी जिला कार्यालय कर्णकमल में आमंत्रित कर मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी द्वारा सम्मान पट्टीका पहना कर विधिवत रूप से बीजेपी में शामिल करवाया गया। कुलजिन्दर मोहन सिंह बाठ ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री हरियाणा का आभार व्यक्त करते हुए कहा की समाज व देश सेवा उनके जीवन की प्राथमिकता हैं और आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी का सदस्य बन कर वह गौरवान्वित अनुभव कर रहे हैं । उल्लेखनीय है की प्रयास फाउंडेशन के अध्यक्ष के तौर पर कुलजिन्दर मोहन सिंह बाठ ने करनाल को स्मार्ट सिटी बनवाने को लेकर काफी बड़े और सार्थक प्रयास किए और 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' का नारा भी उनकी देन है।

### छात्राओं को अल्बेंडाजोल की गोलियां वितरित की

**कुरुक्षेत्र।** दयानन्द महिला महाविद्यालय,कुरूक्षेत्र में राष्ट्रीय कृमि मक्ति दिवस के अन्तर्गत मोप-अप डे पर यूथ रेडक्रास सोसायटी की संयोजिका डा. सीमा सिंह के नेतृत्व में 19 वर्ष और इससे कम उम्र की छात्राओं को अल्बेंडाजोल की गोलियां वितरित की गई। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. उपासना आहुजा ने इस अवसर पर कहा कि महाविद्यालय में प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के उपलक्ष्य में छात्राओं को पेट के कीड़े मारने की गोलियाँ खिलाई जाती हैं। इस अभियान का उद्देश्य छात्राओं की आंतों को कृमियों से मुक्त करके, उनको स्वास्थ्य, सही पोषण, स्वच्छता और शारीरिक व मानसिक विकास के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि पेट के कृमि छात्राओं के शारीरिक विकास को रोककर उनमें अनीमिया व कुपोषण को बढ़ाता है, जिससे उनके सर्वांगीण विकास में अवरोध उत्पन्न होता है।

### यौन उत्पीड़न के खिलाफ कार्यशाला का आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की इंटरनल कंप्लेंट कमेटी व गुलजारी लाल नंदा सेंटर द्वारा उदयन शालिनी कुरुक्षेत्र के लिए बी.आर. गुलजारी लाल नंदा सेंटर ऑफ एथिक्स, फिलॉसफी, म्यूजियम एंड लाइब्रेरी में महिलाओं के यौन उत्पीड़न के खिलाफ जागरूकत विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। इस सत्र का संचालन चैंप्टर कन्वीनेंट डॉ. सुषमा शर्मा और को-कन्वीनर डॉ. रामनिवास के मार्गदर्शन में हुआ। साथ ही, यूएसएफ कोर कमिटी की सदस्य डॉ. सीमा पांडे ने भी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यशाला की अध्यक्षता आईसीसी कमेटी कुरुक्षेत्र विश्विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. सुनीता सिरोहा द्वारा की गई। उन्होंने शालिनियों को यौन उत्पीड़न के विभिन्न प्रकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा इस तरह के मामलों में डटकर मुकाबला करने के उपायों पर प्रकाश डाला।

## नीलोखेड़ी नगरपालिका चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए 8 में से 3 उम्मीदवारों के नामांकन रद

# पार्षद पद के लिए 57 उम्मीदवारों ने भरे थे नामांकन सभी सही मिले, आज लिए जाएंगे नाम वापस: एसडीएम

तरावड़ी नगर पालिका के वार्ड नम्बर- 5 के उप-चुनाव के लिए 4 उम्मीदवारों ने किया था नामांकन दाखिल, सभी नामांकन पाए गए सही



हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल/नीलोखेड़ी

नीलोखेड़ी के एसडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि नीलोखेड़ी नगरपालिका चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए कुल 8 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था। इन 8 उम्मीदवारों में से 3 का नामांकन जांच के दौरान कमी पाए जाने पर रद्द कर दिया गया और 5 उम्मीदवारों के नामांकन सही पाए गए हैं, इनमें भारतीय जनता पार्टी से सनमीत कौर, निर्दलीय उम्मीदवार प्रेम कुमार, तेजिंद्र सिंह, जगरूप सिंह और जगजीत का नाम शामिल है। जिन तीन उम्मीदवारों के नामांकन रद्द हुए हैं उनमें निर्दलीय उम्मीदवार स्वर्ण सिंह, कोमल और बीजेपी के वैकल्पिक प्रत्याशी के तौर पर नामांकन भरने वाले हरप्रीत सिंह आहूजा का नाम शामिल है। उन्होंने बताया कि नीलोखेड़ी नगर पालिका के सभी वार्डों के चुनाव के लिए कुल 57 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए ,इनमे वार्ड नम्बर- 1 से कुल 4 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इनमें सविता भाटिया, रीटा आनंद, हरविंद्र कौर, अर्जुन दास ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन भरा। सभी नामांकन सही पाए गए। वार्ड नम्बर- 2 से कुल 4 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया । इनमें सुखविंद्र कौर, प्रिया चौपडा, अंजना कुमारी, रामा कुमारी निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन भरा। सभी नामांकन सही पाए गए। वार्ड नम्बर- 3 से कुल 3 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

इनमें सुखविंद्र कनवाल, सिया मेहता, साहिल मेहता, ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन भरा। सभी नामांकन सही पाए गए। उन्होंने बताया कि वार्ड नम्बर- 4 से कुल 4 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया । इनमें धर्मेंद्र कुमार, निर्मला, मृदुल चौपड़ा, हरप्रीत कौर ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन भरा। सभी नामांकन सही पाए गए। वार्ड नम्बर- 5 से कुल 4 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया । इनमें रणबीर सिंह भाटिया, सुषमा भाटिया, अंशु शर्मा, कपिल शर्मा ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन भरा। सभी नामांकन सही पाए गए। उन्होंने बताया कि वार्ड नम्बर- 6 से कुल 7 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया । इनमें आरती, मनोज, मुकेश कुमार, निशा देवी, राजेश कुमार, बबीता चरनालिया, मुनीश कुमार ने आजाद उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन भरा। सभी नामांकन सही पाए गए।वार्ड नम्बर- 7 से कुल 3 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इनमें प्रवीन कुमारी, रणजीत सिंह, कृष्ण लाल ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन भरा। सभी नामांकन सही पाए गए।

उन्होंने यह भी बताया कि तरावड़ी नगरपालिका के वार्ड नम्बर-5 के उप-चुनाव के लिए कुल 4 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इनमें बलबीर कुमार, कृष्ण, रोहित कुमार व कमल का नाम शामिल थे, सभी के नामांकन सही पाए गए हैं। उन्होंने बताया कि चुनाव के लिए आवेदन करने वाले प्रत्याशी 19 फरवरी को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक नाम वापस ले सकते हैं। इसके उपरांत 19 फरवरी को दोपहर तीन बजे प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटन कर दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 2 मार्च को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान करवाया जाएगा। वहीं 12 मार्च को सुबह 8 बजे से मतगणना करवाई जाएगी।

### सभी पर्चे सही मिले

गौरव कुमार ने बताया कि वार्ड नम्बर- 8 से कुल 5 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इनमें अंजू, परमजीत कौर, रीना, प्रियंका कांगड़ा, दर्शनी देवी ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन भरा। सभी नामांकन सही पाए गए। वार्ड नम्बर- 9 से कुल 2 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया । इनमें रजविंद्र कौर व नीता देवी ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन भरा। सभी नामांकन सही पाए गए।

### वार्ड 12 से 5 उम्मीदवार

गौरव कुमार ने बताया कि वार्ड नम्बर- 12 से कुल 5 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इनमें नीरू जुनेजा, भूपेश जुनेजा, मेघा धमीजा, पारस खुराना व लक्ष्य खुराना ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन भरा। सभी नामांकन सही पाए गए। वार्ड 13 से कुल 4 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इनमें मधुबाला, पूजा रानी, कृष्णा कुकरेजा व भूमिका कुकरेजा ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन भरा। सभी नामांकन सही पाए गए। वार्ड नम्बर- 14 से कुल 2 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया । इनमें रजवंत कौर व पूजा रानी ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन भरा। सभी नामांकन सही पाए गए।

### वार्ड 10 से 4 उम्मीदवार

गौरव कुमार ने बताया कि वार्ड नम्बर- 10 से 4 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया । इनमें अमित चावला, नवजोत सिंह, रेणूका रानी, मनोज कुमार चावला ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन भरा। सभी नामांकन सही पाए गए। वार्ड नम्बर- 11 से कुल 6 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया । इनमें सुषमा रानी, शीला रानी, विपिन कुमार, पंकज, विरेंद्र पाल कौर, गुरविंद्र सिंह ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन भरा। सभी नामांकन

## वार्ड 9 से 13 तक 14 उम्मीदवारों के पर्चे सही

■ वार्ड 9 से कुल 2 उम्मीदवारों ने भरा था नामांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं जिला परिषद के सीईओ गौरव कुमार ने बताया कि नगर निगम के वार्ड नम्बर 9 से 13 तक 14 उम्मीदवारों ने नामांकन किए थे, जोकि जांच पड़ताल के बाद सही पाए गए हैं। उन्होंने बताया कि वार्ड नम्बर-9 से कुल 2 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया इनमें बीजेपी से सुजाता अरोड़ा, कांग्रेस से ललिता रानी का नाम शामिल है। वार्ड नम्बर-10 से कुल 5 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया इनमें बीजेपी से पायल अरोड़ा, कांग्रेस से नीरू, निर्दलीय प्रत्याशी में आयशा कुमार, कमल, सुनीता गुप्ता का नाम शामिल है। वार्ड नम्बर-11 से कुल 2 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया इनमें बीजेपी से संजीव कुमार मेहता तथा निर्दलीय गुरविंद्र सिंह का नाम शामिल है। वार्ड नम्बर-12 से कुल 2 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया, इनमें बीजेपी से मोनिका गर्ग, कांग्रेस से जसपाल सिंह का नाम शामिल है। वार्ड 13 से कुल 3 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया, इनमें बीजेपी से अमित कुमार, ईश कुमार गुलाटी, जगदीप गुलाटी का नाम निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में शामिल है।

## वार्ड 1 से 5 तक सभी 27 उम्मीदवारों के नामांकन ठीक मिले: राजीव

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं शुगर मिल के एमडी राजीव प्रसाद ने बताया कि नगर निगम के वार्ड नम्बर 1 से 5 तक 27 उम्मीदवारों ने नामांकन किए थे, सभी के नामांकन सही पाए गए हैं। उन्होंने बताया कि वार्ड नम्बर-1 से कुल 2 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था इनमें बीजेपी से सुदेश रानी तथा कांग्रेस से सुदेश का नाम शामिल है। वार्ड नम्बर-2 से कुल 4 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इनमें बीजेपी से बेबी पाल तथा कांग्रेस से आरती, आरती, सीमा देवी का नाम शामिल है। वार्ड नम्बर-3 से कुल 7 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया इनमें बीजेपी से राजेश कुमार, परमजीत सिंह, मनजीत कौर, संदीप, संजय, कृष्ण कुमार ने निर्दलीय उम्मीदवार तथा आम आदमी पार्टी से रणजीत का नाम शामिल है। वार्ड नम्बर-4 से कुल 7 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया इनमें बीजेपी से भूपेंद्र नौतना, कांग्रेस से राकेश कुमार तथा तथा निर्दलीय प्रत्याशी में रोहताश, कमलेश लाठर व मनोज कुमार, नीलम, सुखमन सिंह का नाम शामिल है।

वार्ड नम्बर-5 से कुल 7 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया इनमें बीजेपी से सुभाष चंद, कांग्रेस से रामेश्वर तथा निर्दलीय प्रत्याशी में सचिन पांचाल, अमित, देवेंद्र कुमार व मनजीत, अश्वनी कुमार का नाम शामिल है। इन सभी प्रत्याशियों के नामांकन जांच पड़ताल के बाद सही पाए गए हैं।

## वार्ड 6,7, 8, 14 तथा वार्ड 15 में 24 नामांकन सही, दो के पर्चे हुए कैंसिल

■ आज दोपहर तीन बजे के बाद मिलेंगे चुनाव चिह्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं जीएम रोडवेज कुलदीप सिंह ने बताया कि नगर निगम के वार्ड नम्बर 6,7, 8, 14 तथा वार्ड नम्बर 15 में 26 उम्मीदवारों ने नामांकन किए थे जिसमें से 24 उम्मीदवारों के नामांकन सही पाए गए तथा दो नामांकन जांच पड़ताल के बाद रद्द कर दिए गए।

उन्होंने बताया कि वार्ड नम्बर 7 से सुशील कुमार और वार्ड नम्बर 8 से अशोक भंडारी ने कवरिंग प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया था, जो जांच पड़ताल के बाद रद्द कर दिया गया। उन्होंने बताया कि जांच पड़ताल के बाद जो नामांकन सही पाए गए उनमें वार्ड नम्बर-6 से कुल 4 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था इनमें बीजेपी से रजनी प्रोचा, कांग्रेस से अनु दुग्गल तथा निर्दलीय प्रत्याशी में अकिं त कुमार और अलका, वार्ड नम्बर-7 से कुल 9 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था इनमें बीजेपी से जोगिंद्र शर्मा, कांग्रेस से रेनू, मोनिका रानी, विष्णु, मनोज, सुनिधी, चरण सिंह, नवीन कुमार, मिनाक्षी, वार्ड नम्बर-8 से कुल 3 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था इनमें बीजेपी से संकल्प भंडारी तथा निर्दलीय प्रत्याशी में विष्णु कुमार शर्मा व निर्दलीय प्रत्याशी यशपाल मित्तल, वार्ड नम्बर-14 से कुल 4 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था इनमें बीजेपी से अमृत लाल जोशी, कांग्रेस से रोहित तथा निर्दलीय प्रत्याशी निशा व विनोद कुमार तथा वार्ड नम्बर-15 से कुल 4 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था इनमें बीजेपी से कंचन, कांग्रेस से चांदनी शर्मा, निर्दलीय उम्मीदवार प्रियंका देवी व नेहा का नाम शामिल है। उन्होंने बताया कि उम्मीदवार 19 फरवरी को सुबह 11 से दोपहर बाद 3 बजे तक नाम वापस ले सकते हैं। इसी दिन 3 बजे के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आबंटित किए जाएंगे।

## विद्यार्थियों की सफलता के लिए सुंदरकांड का पाठ कराया

■ 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को अच्छे पेपर करने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



सनातन धर्म बाल मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आज बोर्ड परीक्षा देने वाले 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए तथा विद्यालय वार्षिक परीक्षा के लिए आशीर्वाद स्वरुप सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया ।

कार्यक्रम का आरंभ हवन से किया गया जिसमें प्रबंध समिति के प्रबंधक सुरेश पुरी व उनकी धर्मपत्नी तथा विद्यालय कोषाध्यक्ष रामधन, प्रधानाचार्य धनेश चंद्र डिमरी तथा समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। सुंदरकांड पाठ के समापन पर इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि घनश्याम शर्मा सेवानिवृत वैज्ञानिक तथा नरेश बत्रा पूर्व प्रिंसिपल ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें वार्षिक परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी इस अवसर विद्यालय की संपूर्ण प्रबंध समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे और उन्होंने भी अपनी शुभकामनाएं विद्यार्थियों दी।

## सामाजिक और लैंगिक न्याय के लिए संघर्ष विषय पर कार्यशाला लगाई

■ सावित्री बाई फूले के शिक्षा के क्षेत्र में योगदान की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय में इतिहास विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का विषय सामाजिक और लैंगिक न्याय के लिए संघर्ष : सावित्री बाई फूले का सुधारवाद रहा। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रूप में प्रो. डा. एसके चहल डीन ऑफ सोशल साइंस व इतिहास विभागाध्यक्ष कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र पहुंचे। डा. एसके चहल ने छात्राओं को सावित्री बाई फूले के शिक्षा के क्षेत्र में योगदान बारे बताया। महाविद्यालय की प्राचार्या मीनू शर्मा और इतिहास विभागाध्यक्षा डा. रेनू बालियान, सहायक प्राध्यापिका डा. प्रवेश ने डा. एसके चहल का स्वागत किया। डा. एसके चहल ने छात्राओं को सावित्रीबाई फूले द्वारा सामाजिक न्याय और शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों और सुधारों के विषय में बताया। इतिहास विभाग द्वारा अनेक गतिविधियां करवाई गई। इनमें खुली प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, संरचनात्मक लेखन, समूह विचार गोष्ठी आदि जिसमें छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर डा. सुनीत भंडारी, डा. संगीता, डा. सुषमा, डा. अनुराधा नागिया, डा. अंजू नरवाल, डा. स्वाति शर्मा व गुरचरण कौर मौजूद रहीं। इतिहास विभाग की छात्राओं तान्या, अवनी, जाहनवी, तमन्ना, सेजल आदि ने मुख्य वक्ता से प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासा को शांत किया।




### मनोद सैनी एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नेशनल चीफ डायरेक्टर नियुक्त

**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने नैशनल टीम का विस्तार करते हुए चंडीगढ़ के वरिष्ठ युवा समाजसेवी मनोद सैनी को फाउंडेशन का नेशनल चीफ डायरेक्टर नियुक्त किया। नैशनल सुप्रीमो नरेन्द्र अरोड़ा ने मनोद सैनी को नियुक्ति पत्र सौंपकर पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मनोद सैनी ने कहा कि वह अपने पद की गरिमा में रहकर फाउंडेशन के भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के उद्देश्यों को जन जन तक लेकर जायेंगे और अपनी टीम का देश भर में विस्तार करेंगे। इस अवसर पर नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया देशभर में अवेयरनेस अगेंस्ट करप्शन के लिए कार्य कर रहा है।

## शिव भक्ति से यश, बल, बुद्धि, विद्या और दीर्घ आयु के साथ ही मिलती है सुख समृद्धि : रसिक बिहारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



गांव सग्गा के शिव मंदिर में आयोजित महाशिवपुराण कथा का दूसरे दिन ॐ नमः शिवाय के जयकारे से शुभारंभ हुआ। कथा व्यास रसिक बिहारी जी महाराज ने कहा कि मानव जीवन के कल्याण के लिए पुराण में नारद भक्ति क्रमशः श्रवण, कीर्तन, स्मरण, वंदना, पूजन और आत्म निवेदन का मार्ग है। उन्होंने बताया कि शिव भक्ति से जीवन में यश, बल, बुद्धि, विद्या और दीर्घ आयु के साथ ही सुख समृद्धि भी प्राप्ति होती है। जिसे भगवान का प्रेम प्राप्त हो वह भाग्यशाली है। भगवान के विषय में जानने के लिए जिज्ञासु हो, वह भाग्यवान है।

हम लोग जिस कलयुग में जी रहे हैं इस युग में बड़े-बड़े महात्माओं ने गहरा चिंतन किया है जो भक्ति को धारण करता है वह कलयुग के प्रभाव से बच जाता है। जीवन में तीन ताप परेशान करें तो भगवान के निकट पहुंच जाएं जिससे हमें तीनों ताप से छुटकारा मिलता है। स्वामी जी ने कहा कि तब तक कलयुग के पाप परेशान करेंगे जब तक शिवपुराण हमारे जीवन में शामिल ना हो जाए यही शिवपुराण की महिमा है। भगवान शंकर जी मंगल राशि है उनका नाम और ध्यान भी मंगलमय है। शिव जैसा समान दृष्टा कौन होगा, महादेव दैत्य एवं देवों के लिए सदा कृपा वंत रहते हैं। इस दौरान भक्त भगवान शिव के भजनों में भावविभोर नजर आए। पूरा प्रांगण शिवमय नजर आया। भक्त भोलेनाथ के भजनों पर झूमते-गाते नजर आए। दिव्य शिव महापुराण कथा समिति के सदस्यों व संजीव राणा ने बताया कि शिवमहापुराण कथा का आयोजन 27 फरवरी तक जारी रहेगा।

## भारत विकास परिषद ने कन्या को शगुन दिया

# शगुन सम्मान संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा

■ कन्या को शादी पर दिया जाने वाला शगुन-सम्मान हमारी संस्कृति का बेजोड़ हिस्सा : पी.के. भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी



तरावड़ी। कन्या की शादी परिषद के सदस्य कन्या शगुन देते हुये। *फोटो: हरिभूमि*

भारत विकास परिषद् शाखा तरावड़ी के प्रकल्प कन्या शगुन योजना के तहत आज नगर में एक बेटी की शादी पर शगुन प्रदान किया गया। नगर के वार्ड 8 विश्वास कालोनी में राणा परिवार से कन्या खुशी सुपुत्री रीना देवी व फूल सिंह राणा को शगुन की राशि स्थानीय परिषद् के वरिष्ठ सदस्यों पी0के0 भारद्वाज एवं शाखा के पूर्व अध्यक्ष जय भारद्वाज ने कन्या के आवास पर प्रदान की। इस अवसर पर शाखा के वरिष्ठ सदस्य पी के भारद्वाज ने कहा कि कन्या की शादी पर दिया जाने वाला शगुन सम्मान हमारी संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। अवसर मिलने पर हमें इस पुण्य के भागीदार अवश्य ही बनना चाहिये। विदित हो कि स्थानीय शाखा इस प्रकल्प के अंतर्गत कन्या परिवार से प्राप्त निमंत्रण पर कन्या को शगुन राशि एवं आशीर्वाद प्रदान करती है। इस अवसर पर कन्या के उपस्थित परिजनों को परिषद् की ओर से हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

### सौंदर्य-संवार कार्यशाला का शुभारंभ हुआ

**करनाल।** पंडित चिरंजीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय में आज महिला प्रकोष्ठ विभाग और गृह विज्ञान विभाग के सहयोग से पाँच दिवसीय सौंदर्य और संवार कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। इसमें मेकअप आर्टिस्ट सुखमनी कौर ने कॉलेज की 30 छात्राओं को त्वचा के प्रकारों की जानकारी दी। आगामी चार दिनों में छात्राएँ आई मेकअप, स्मोकी आई लुक, कंटूरिंग, पार्टी मेकअप और एचडी मेकअप सीखेंगी। कार्यशाला का उद्घाटन प्रभारी प्राचार्य डॉ. सुभाष जागलान ने किया।

इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ विभाग की सह-संयोजक डॉ. किरण दलाल और गृह विज्ञान विभाग की एक्सटेंशन लेक्चरर डॉ. मनमीत कौर उपस्थित रहीं। आज के सत्र में प्रोमोटेड प्राचार्य डॉ. कमलेश ने भी छात्राओं को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया।

## खबर संक्षेप

### एड्स के विरूद्ध जागरूक किया

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज के रेड रिबन क्लब एवं रसायन विभाग द्वारा एचआईवी/एड्स जागरूकता विषय पर पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में प्रथम बीएससी की ख़ुशी, द्वितीय अरीशा, तृतीय स्थान पर खशी रही। वहीं, प्रतियोगिता का का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के बीच एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता फैलाना और इस गंभीर मुद्दे पर उनकी रचनात्मक सोच को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा, संयोजक डॉ. विक्रम कुमार, मुख्य अतिथि अंजू, डॉ अंजलि, संगीता, अंजुश्री, डॉ. किरण मदान, डॉ सुनित शर्मा, डॉ निधान सिंह, प्रो पवन कुमार, प्रो अजयपाल, अन्नू ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

### सुपरवाइजरों ने बैठक की आवश्यक दिशानिर्देश दिए

**पानीपत।** एसडीएम ब्रह्मप्रकाश ने मंगलवार को जिला सचिवालय स्थित सभागार में नगरनिगम चुनाव से जुड़े सुपरवाईजरों के साथ बैठक कर कुछ आवश्यक दिशानिर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि लोकतंत्र में मतदाता की अहम भूमिका होती है। हमें मतों के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए ओर कार्य करने की जरूरत है। एसडीएम ने सभी सुपरवाईजरों को निर्देश दिए कि वे ग्रास रूट पर कार्य करने वाले बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित करके यह सुनिश्चित करें कि जो मतदाता मृत्यु को प्राप्त हो चुके है व उनके वोट काटें व जो मतदाता 18 वर्ष के हो चुके है उनका वोट बनाएं व वोट के प्रति उन्हें और जागरूक करें।

### चोरों ने 12 ट्यूबवेलों से तार चोरी की

**पानीपत।** पानीपत के गांव डाहर में चोरों ने खेतों में 12 ट्यूबवेलों से करीब 2.5 लाख रुपये का तार आदि चोरी कर लिया। चोरों ने प्रत्येक ट्यूबवेल की तार की कीमत 15 से 20 हजार रुपये के बीच है। वहीं, किसान रामकरण और अन्य पीड़ितों के अनुसार चोर विशेष रूप से उन ट्यूबवेल को निशाना बनाते हैं, जिनमें महंगी तार लगी होती है। 16 फरवरी की रात को हुई चोरी में दिनेश व प्रदीप के तीन-तीन ट्यूबवेल और रामकरण, राजवीर, राजेश्वर सिंह और मोल राम के खेतों में लगी ट्यूबवेलों की भी तारें चोरी हुई हैं। इधर, पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कबाड़ का सद्प्रयोग करें : ममता

**इसराना।** राजकीय महाविद्यालय इसराना में प्लेसमेंट सेल द्वारा कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का संचालन ममता ने किया। वहीं ममता गुलिया ने कहा कि बेकार सामग्री का उपयोग कर उपयोगी वस्तुएं बनाई जा सकती हैं। प्लास्टिक, कागज, धातु के टुकड़ों और अन्य बेकार सामग्री से सजावटी वस्तुएं, घरेलू उपयोग के सामान और मॉडल्स बनाए। भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता केवल सृजनात्मकता को नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता को भी बढ़ावा देती है। मौके पर प्राचार्य डॉक्टर बलिंद्र गुलिया ने भी मार्ग दर्शन किया।

### अवैध हथियार के साथ पकड़ा

**पानीपत।** थाना औद्योगिक सेक्टर 29 पुलिस टीम ने गश्त के दौरान जसवंत निवासी हरिपुर बडाम कुरुक्षेत्र हाल निवासी ट्रांसपोर्ट नगर, हुडा सेक्टर 25 पार्ट वन को अवैध देसी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। थाना औद्योगिक सेक्टर 29 प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुभाष ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है और उसे कोर्ट में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है।

### शराब तस्कर पकडा

**पानीपत।** थाना तहसील कैंप ने सतीश पुत्र रामप्रकाश निवासी भोला चौक नूरवाला को, राजू पुत्र बाबूराम निवासी वधावाराम कॉलोनी को, थाना समालखा पुलिस टीम ने दरिया सिंह पुत्र पुत्र माकड निवासी गांव नारायणा को शराब तस्करी के आरोप में पकड़ा है और इनके पास से शराब व बीयर की खेप बरामद की है। आरोपियों पर केस दर्ज किया गया है।

## एसडी कॉलेज में 11 वें राज्य स्तरीय वसंतोत्सव पुष्प प्रदर्शनी व प्रतियोगिता का आगाज

# वसंत का उत्सव अनंत आशा व नई उर्जा का प्रतीक है : मित्तल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज की पर्यावरण बचाओ सोसाइटी और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में ग्याहरवें दो दिवसीय राज्य स्तरीय 'वसंतोत्सव 2025 पुष्प प्रदर्शिनी एवं पुष्प प्रतियोगिता' के भव्य आयोजन का उद्‌घाटन मुख्यातिथि रोशन लाल मित्तल संरक्षक एसडी एजुकेशन सोसाइटी पानीपत ने किया। वहीं, एसडी एजुकेशन सोसाइटी के सचिव नरेश कुमार गोयल, सतीश चंद्रा चेयरमैन एसडीवीएम हुडा और पवन गर्ग चेयरमैन एसडी इंटरनेशनल स्कूल ने कार्यक्रम में बतौर गेस्ट ऑफ़ ऑनर शिरकत की। अतिविशिष्ट अतिथियों में अभय सिंगला वाईस चेयरमैन एसडीवीएम सिटी, विनोद गुप्ता चेयरमैन एमएएसडी पब्लिक स्कूल, आकाश गर्ग चेयरमैन एसडी इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंस, तुलसी सिंगला सेक्रेटरी एसडीवीएम हुडा, ईश्वर गर्ग सेक्रेटरी एसडीवीएम सिटी, श्रीकृष्ण अग्रवाल ऑडिटर एसडीवीएम सिटी, नरेश सिंगला मेम्बर सोसाइटी, कपिल गुप्ता मेम्बर सोसाइटी और शिवानी कंडोला प्राचार्य एसडीवीएम सिटी कार्यक्रम का हिस्सा बने । एसडी पीजी कॉलेज प्रबंधकारिणी के प्रधान दिनेश गोयल, उप-प्रधान राजीव गर्ग, जनरल सेक्रेटरी महेंद्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विशाल गोयल, प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा, एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. राकेश गर्ग और वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रवि रघुवंशी ने माननीय मेहमानों का स्वागत किया। जूरी का उत्तरदायित्व प्रो अन्नू आहूजा, डॉ. मोनिका खुराना और प्रो तन्नु मेहता निभा रही है। 'वसंतोत्सव 2025: पुष्प प्रदर्शिनी' में हरियाणा प्रदेश के स्कूल, कॉलेज, संस्थान, नर्सरी के माली और आमजन भाग ले रहे है। पुष्प प्रदर्शनी में भाग लेने का कोई शुल्क नहीं है। वहीं, वसंतोत्सव 2025 पुष्प प्रदर्शिनी आमजन के लिए दोनों दिन प्रातः 10 बजे से सांय 6 बजे तक खुली रहेगा। पहले दिन रंगोली, हैण्ड प्रिंटिंग और सेल्फी विद फ्लावर्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें कॉलेज और स्कूलों के बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इधर, मुख्यातिथि रोशन लाल मित्तल ने अपने उद्‌घाटन भाषण में कहा कि वसंत का उत्सव अनंत आशा और उर्जा का प्रतीक है। युवाओं के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि अभिभावकों और शिक्षण संस्थानों को अपने कोमल युवाओं का ध्यान मालियों की तरह रखना चाहिए और इन्हें सही मार्ग दिखाकर फूलों की तरह खिलने का भरपूर मौका देना चाहिए। अगर हम ऐसा नहीं करेंगे तो देश के युवा कर्णधार खिलने से पहले ही मुरझा जाएंगे। फूल प्रकृति की सबसे प्यारी देन हैं। फूल बहुत ही सुंदर एवं कोमल होते हैं और इनको देखने मात्र से व्यक्ति का मन प्रसन्न हो जाता है। फूल व्यक्ति के मनोभाव पर बहुत ही गहरा प्रभाव डालते हैं। इनमे व्याप्त कोमलता का भाव हमें सबके साथ कोमलता पूर्ण व्यवहार करने की प्रेरणा देता है। हमारे जीवन में फूलों की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका भावनाओं के वाहक के रूप में है। कुछ विशिष्ट भावनाएं और अर्थ विशेष प्रकार के फूलों से जुड़े होते है। प्यार, खुशी, कृतज्ञता या दुःख की अलग-अलग भावनाओं को व्यक्त करने के लिए फूल हमारी मदद करते है। उन्होनें कहा कि आज के दौर में जब इंसान प्रकृति के गैर-जिम्मेदाराना दोहन में लगा हुआ है तो इसके भयंकर दुष्परिणाम भी हम सबके सामने है। पर्यावरण हमारे लिए एक चुनौती बन गया है। पर्यावरण के प्रति जागरूकता को बढ़ाना हमारी प्राथमिकता होना चाहिए और इस तरह के आयोजन अगर हम वर्षभर अपने जीवन में अपनाए तो समाज में बदलाव निश्चित आएगा और हमारा पर्यावरण भी तंदुरस्त बनेगा। इस प्रकार के आयोजनों से युवाओं में प्रेरणा, प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और स्नेह के भाव पैदा होते है। नरेश कुमार गोयल सचिव एसडी एजुकेशन सोसाइटी ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य हमारे युवाओ को फूलों के माध्यम से खुद के और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार बनाना है। वसंत का उत्सव अनंत आशा व नई उर्जा का प्रतीक है।

पवन गर्ग चेयरमैन एसडी इंटरनेशनल स्कूल ने कहा कि यह आयोजन तभी सफल माना जाएगा जब हर एक युवा यह शपथ उठाएगा कि वह हर बुराई को छोड़कर अपने जीवन में फूलों की तरह महकेगा और समाज एवं देश की प्रगति के साथ-साथ धरती और पर्यावरण का भी ईमानदारी से ख्याल रखेगा।





**पानीपत।** एसडी कॉलेज में राज्य स्तरीय वसंतोत्सव में अतिथियों का स्वागत करते हुए मेजबान व वसंतोत्सव में फूलवारी को निहारते अतिथिगण। **फोटो :हरिभूमि**



**पानीपत।** भाजपा नेत्री कुसुम भट्ट का अभिनंदन करते हुए समाजसेवीगण।

# नगर निगम में भाजपा की ऐतिहासिक जीत तय : भट्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

हरियाणा भाजपा की ओर से पानीपत नगर निगम चुनाव के लिए भाजपा उम्मीदवारों की सूची जारी होने के बाद प्रत्याशियों को बधाई देने का सिलसिला जारी है। भाजपा जिला अध्यक्ष कार्यालय में वार्ड 26 से प्रत्याशी कुसुम भट्ट को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। सभी उम्मीदवारों के घर पर बधाई देने वालों का ताता लगा रहा। वहीं, कुसुम भट्ट ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी उनकी मां है और नगर निगम वार्ड 26 से पार्टी उम्मीदवार बनाकर जो मान सम्मान दिया गया है, वह जीवन पर्यन्त उसका मान रखेंगी। दावा किया कि वह वार्ड की सीट जीतकर पार्टी की झोली में डालेंगी और शहर में ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने में अपना योगदान देंगी। इधर, जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि निगम चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत तय है।

## विदेश मंत्रालय के पास अमेरिका से डिपोर्ट होने वाले भारतीयों की सूची नहीं

**पानीपत।** जहां एक ओर हाथों में हथकड़ियां और पैरों में बेड़ियां डाल कर बेहद अमानवीय व शर्मनाक ढंग से सैन्य विमानों से अमेरिका अवैध तरीके से गये भारतीयों को भारत वापस भेज रहा है। वहीं, अमेरिका सरकार ने पिछले दिनों दावा किया कि डिपोर्ट किये जाने वाले भारतीयों की सूची भारत सरकार को सौंप दी है। इधर, आरटीआई के जवाब में भारत सरकार ने ऐसी किसी सूची अमेरिका सरकार द्वारा उसे दिये जाने से इंकार किया है। आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर ने बताया कि गत 24 जनवरी को अमेरिका के उच्च अधिकारियों ने डिपोर्ट किये जाने वाले 18000 भारतीय नागरिकों की सूची भारत सरकार को सौंपने का दावा मीडिया में किया था। इसी संदर्भ में कपूर ने गत 25 जनवरी को विदेश मंत्रालय में आरटीआई आवेदन लगा कर यह सूची मांगी थी और सरकार द्वारा इस सूची पर की गई कारवाई की रिपोर्ट मांगी थी। इसके जवाब में विदेश मंत्रालय के केंद्रीय जन सूचना अधिकारी एवं सलाहकार आयुष मोहन ने अपने 10 फरवरी के पत्र से सूचित किया कि उनके पास ऐसी कोई सूची ही नहीं है। कपूर ने आरोप लगाया इस सूची में प्रधानमंत्री के गृह राज्य गुजरात के काफी लोग शामिल हैं इसीलिए जानबूझ कर लिस्ट नहीं दी जा रही।

# पानीपत में मुलतानी फिल्म सजा-2 की शूटिंग संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

साहित्यकार व अभिनेता कमल नयन वर्मा द्वारा निर्मित मुल्तानी फिल्म सजा-2 की शूटिंग मंगलवार को पूरी हो गई। फिल्म के निदेशक देव वर्मा ने बताया कि मुल्तानी फिल्म सजा को लोगों द्वारा काफी सराहा गया था। हर वर्ग के लोगों ने फिल्म को देखकर तारीफ की। अब इसका अगला भाग बनाया जा रहा है। फिल्म में एक गीत निक्के झएं कसूर दी इतनी वड्डी सजा भी है, जिसे मनोज मंचन्दा ने गाया व अषीश वर्मा ने इसका संगीत तैयार किया है। इस फि ल्म में कमल नयन वर्मा, तरूण मेहता, पूजा सहगल, मोहित मेहता, प्रिया खुराना, नमिता, नरेन्द्र गर्ग, जगदीष चोपड़ा, दीपक कपूर, वेद बांगा, गजेन्द्र सलूजा, सोनिया वर्मा, कविता बतरा, महेन्द्र बजाज, नीरज सोनी, टोपन दास वर्मा, टेक चन्द सोनी, सिम्मी भल्ला, रमेश सम्मी, लक्ष्मी मल्होत्रा, शीला रानी, कपिल सहगल, हन्नी शर्मा, दीपिका, बाल कलाकार ओनिश सहगल, तुशार वर्मा व आरवी चोपड़ा ने अभिनय किया है।



**पानीपत।** मुल्तानी फिल्म सजा-2 के अभिनेतागण प्रसन्न मुद्रा में।

# हर्षोल्लास से मनाया स्थापना दिवस

■ शक्ति खटीक समाज कल्याण समिति का तृतीय स्थापना दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

पानीपत की काबड़ी रोड स्थित कुलदीप नगर में शक्ति खटीक समाज कल्याण समिति का तृतीय स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। प्रधान करणपाल, उप प्रधान कुलदीप मोगा, सचिव दिपचंद राणा व सचिव अमित मूडे के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के वाइस चेयरमैन विजेंद्र बडग़ुज्जर एवं शिक्षा मंत्री महिपाल ढ़ांडा के भाई हरपाल ढांडा ने शिरकत की। अति विशिष्ट अतिथि के तौर पर गोल्ड मैन कन्हैया लाल, नेतराम ठगेला दिल्ली, राजू पंवार चेयरमेन प्रतिनिधि, सरदार मखन बागडी प्रधान, गोपाल पहाड़ियों वरिष्ठ भाजपा नेता, राजेश जौहरी रूड़की, डा. पवन छलेरीया, डा. विकास बागडी, कालूराम सोलकी, तिलकराज राजौरा पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शक्ति खटीक समाज कल्याण समिति पानीपत के प्रधान करणपाल ने की तथा मंच का संचालन उपाध्यक्ष कुलदीप मोगा ने किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्यअतिथि विजेंद्र बडग़ुज्जर का आयोजकों द्वारा तलवार भेंट कर पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर समाज हित में शक्ति खटीक समाज कल्याण समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में चित्तौड़गढ़ से पहुंचे गोल्ड मैन के नाम से मशहूर कन्हैया लाल खटीक विशेष आकर्षण का केंद्र रहे, जो कि 4 किलो 200 ग्राम सोना हमेशा पहने रहते है। वहीं, मुख्यअतिथि विजेंद्र बडग़ुज्जर व हरपाल ढांडा ने कहा कि इस प्रकार के समारोह ना केवल समिति द्वारा अतीत की उपलब्धियों को याद करने का मौका होता है, बल्कि भविष्य की दिशा तय करने और समाज को प्रगति की ओर ले जाने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से समाज के संगठन, एकता और विकास के लिए किए जाने वाले कार्यों को मजबूती दी जा सकती है।



**पानीपत।** शक्ति खटीक समाज कल्याण समिति के स्थापना दिवस कार्यक्रम में शिरकत करते हुए अतिथिगण। **फोटो :हरिभूमि**

## सचिवालय परिसर की दीवारें बाल अधिकारों की पेंटिंग से सजेगी

**पानीपत।** जिला सचिवालय में मंगलवार को उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण संरक्षण समिति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र ने जिले में चल रहे बाल देख रेख केंद्रो की वर्तमान स्थिति के बारे में समीक्षा की व स्वास्थ्य विभाग द्वारा केंद्रों में बच्चों के किये जाने वाले त्रैमासिक मेडिकल के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बाल देख रेख केंद्रो में रह रही बच्चों की किसी भी तरह की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। उन्हें वो मूलभूत सुविधाएं मिलनी चाहिए जो बच्चों के लिए अनिवार्य है। विभाग के अधिकारियों को भी समय समय पर केंद्रो का निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार करनी चाहिए। उन्होंने ने बैठक में जिला बाल संरक्षण समिति एवं बाल कल्याण समिति द्वारा बच्चों के फॉलोअप काउसलिंग की जानकारी भी ली। उन्होंने अक्टूबर 2024 से जनवरी 2025 तक कितने जागरूकता शिविर आयोजित किये गए है इसके संदर्भ में भी अधिकारियों से अपडेट लिया। सचिवालय परिसर की दीवारें बाल अधिकारों की पेटिंग से सजेगी। उपायुक्त ने कहा कि गैर संस्थागत स्कीम के तहत स्पोनशर शिप व पोस्टर केयर की स्कीम का लाभ जिन बच्चों को दिया जाता है। उन बच्चों के माता पिता की वार्षिक आय गांव में 72 हजार रुपये तथा शहर में रहने वाले माता पिता की वार्षिक आय 96 हजार रुपये से कम है। ऐसे बच्चों को 4 हजार रुपये प्रतिमाह उन बच्चों की शिक्षा व सही रख रखाव के लिए उनके माता पिता व संरक्षकों को दिए जाते है। बैठक में बाल कल्याण समिति चेयरमैन श्रीमति पदमा ने अक्टूबर 2024 से जनवरी 2025 तक प्रस्तुत हुए मामलों की समीक्षा की सूची भी उपायुक्त के सामने रखी। बैठक में सीईओ जिला परिषद डॉ.किरण सिंह, पुलिस उप अधीक्षक सतीश वत्स, सहायक जिला लिगल सर्विस अथोरिटी प्रवेश शर्मा, डिप्टी सीएमओ डॉ.दिव्या, डीएसडब्लयू जयपाल सिंह, काजल देवी, एएलसी कर्मवीर, अधीक्षक शिक्षा विभाग बिजेन्द्र सिहं, एमडी रूपल जैन, वीना, सीडब्ल्यूसी मुकेश, अशोक, खेल प्रशिक्षक सुषमा आदि मौजूद रहें।



उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया, बाल कल्याण संरक्षण समिति के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

## स्वयं सहायता समूह को प्रदान करेंगे मजबूत प्लेटफॉर्म : डा. किरण

**पानीपत।** पानीपत जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.किरण सिंह ने चार्ज लेने के बाद मंगलवार को डीडीपीओ, बीडीपीओ के साथ बैठक कर सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वकांक्षी योजनाओं की प्रगति जानी व योजनाओं को अतिशीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि जिले में 15 महिला सांस्कृति केंद्र बनाये गए है। इन केंद्रो में महिलाओं को लाभ मिलेगा। वे समय समय पर इन केंद्रो का निरीक्षण भी करेगी। उन्होंने बताया कि सरकार सैल्फ हैल्प ग्रुप के जरिये भी जागरूक महिलाओं को प्रशिक्षण दे रही है। वहीं, आने वाले समय में जो महिलाएं स्वयं सहायता समूह के साथ जुड़कर अपने उत्पादों को आगे बढ़ा रही है उन्हें प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्हें ऑनलाइन व फेसबुक और इंस्टाग्राम के माध्यम से भी उनके उत्पादों की ब्रिकी में सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि समय समय पर उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा व और भी नए स्वयं सहायता समूह बनाये जाएंगे। स्मरणीय है कि डॉ किरण सिंह उचाना में एसडीएम के पद पर रहकर सेवाएं दे रही थी। वहीं, जिला कल्याण अधिकारी जयपान हुड्डा, डीडीपीओ राजेश शर्मा, बीडीपीओ नितीन यादव, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी कंचन लता, कार्यक्रम अधिकारी मुतजीर आलम, जिला परिषद के सदस्य सुरेन्द्र आर्य, आकाश पोरिया, जितेंद्र आदि मौजूद रहे।



**पानीपत।** पानीपत जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.किरण सिंह का स्वागत करते हुए अधिकारीगण।

## आयोजन | आईबी कॉलेज में नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया पर यूजर अवेयरनेस प्रोग्राम आयोजित

डिजिटल लाइब्रेरी में लगभग 150 विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भाग लिया

# शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी पहल है डिजिटल लाइब्रेरी: डॉ. शशि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

आईबी पीजी कॉलेज के एनडीएलआई क्लब और नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया और एनडीएलआई क्लब विषय पर एक यूजर अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन ब्लेंडेड मोड में किया गया।

जिसमें लगभग 150 विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भाग लिया। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने इस अवसर पर डिजिटल युग में पुस्तकालयों के बदलते स्वरूप और एनडीएलआई की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एनडीएलआई शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी पहल है, जो विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण डिजिटल संसाधनों तक सरलता से पहुंच प्रदान करती है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सुमन पांजा (क्लब आउटरीच, एनडीएलआई., आईआईटी खड़गपुर) रहे। उन्होंने एन.डी.एल.आई. और इसके क्लब की उपयोगिता, डिजिटल संसाधनों के लाभ और इनके शिक्षा क्षेत्र में योगदान पर विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने यह भी बताया कि किस प्रकार विद्यार्थी, शोधार्थी और शिक्षक इस डिजिटल लाइब्रेरी का अधिकतम लाभ उठाकर अपने शिक्षण और शोध कार्य को समृद्ध कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए। कार्यक्रम का सफल संचालन लाइब्रेरियन एवं क्लब अध्यक्ष डॉ. प्रवीन कुमार ने किया। उन्होंने बताया कि यह आयोजन विद्यार्थियों और शिक्षकों को नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया से जोड़ने और सूचना तक सुगमता से पहुंचने की दिशा में एक प्रभावी कदम साबित हुआ है। इस आयोजन को सफल बनाने में सहायक प्रोफेसर डॉ. निधि क्लब सेक्रेटरी, माधवी क्लब एग्जीक्यूटिव मेंबर और प्रिया सदाना ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में मंच का सञ्चालन हिमांशी क्लब एग्जीक्यूटिव मेंबर ने किया। इस अवसर पर उप प्राचार्य डॉ. किरण मदान, डॉ. नीलम, डॉ. निधान सिंह, डॉ. विनय धवना उपस्थित रहे। वहीं, नॉन टीचिंग स्टाफ से टिंकू, गणेश व पवन ने भी कार्यक्रम में सहयोग किया।



**पानीपत।** आईबी कॉलेज में डिजिटल लाइब्रेरी के कार्यक्रम में शिकरत करते हुए प्राचार्य डॉ. शशि प्रभा मलिक आदि।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

श्री सुनील कुमार सुपुत्र स्वर्गीय श्री मुलखराज निवासी मकान नम्बर 75/6, कलन्दर चौक, पुराने डाकखाने वाली गली पानीपत

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि श्री सुनील कुमार सुपुत्र स्वर्गीय श्री मुलखराज निवासी मकान नम्बर 75/6, कलन्दर चौक, पुराने डाकखाने वाली गली पानीपत ने एक दस्तावेज को विक्रय पत्र/ट्रांसफर पत्र पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है।

प्रार्थी के द्वारा अपने शपथपत्र मे निम्न वारिस/ उत्तराधिकारी दर्शाये गये हैं। पटवारी हल्का तथा नम्बरदार द्वारा भी अपनी रिर्पोट मे इन्हीं वारसान की तसदीक की गई है।

यह कि प्रार्थी के पिता श्री मुलखराज सुपुत्र श्री रूलदू राम की मृत्यु दिनांक 30/11/2006 को हो चुकी है, यह कि प्रार्थी की माता श्रीमति सुमित्रा धर्मपत्नी श्री मुलखराज की मृत्यु दिनांक 01/06/2012 को हो चुकी है, यह कि प्रार्थी की दादी श्रीमति देवकी बाई धर्मपत्नी श्री रूलदू राम की मृत्यु काफी अर्से पहले हो चुकी है, यह कि प्रार्थी के पिता श्री मुलखराज सुपुत्र श्री रूलदू राम की मृत्यु बाद इनके जायज वारिस निम्न हैं:- 1. सुनील कुमार सुपुत्र 2. सरोज 3. वीरा (मृतक) 4. कान्ता रानी (मृतक) सुपुत्रीयान स्वर्गीय श्री मुलखराज सुपुत्र श्री रूलदू राम हैं। यह कि प्रार्थी की बहन वीरा सुपुत्री श्री मुलखराज की मृत्यु दिनांक 29/04/2011 को हो चुकी है। यह कि प्रार्थी की बहन वीरा का कोई वारिस ना है। यह कि प्रार्थी की बहन श्रीमति कान्ता रानी सुपुत्री स्वर्गीय श्री मुलखराज की मृत्यु दिनांक 31/01/2015 के मृत्यु मृत्यु हो चुकी है, यह कि कान्ता रानी की मृत्यु बाद इनके निम्न जायज वारिस हैं:- 1. पंकज 2. मनोज 3. नीरज सुपुत्रगण व 4. वन्दना 5. वीना सुपुत्रीयान स्वर्गीय श्रीमति कान्ता रानी सुपुत्री श्री मुलखराज हैं। उपरोक्त वारसान के अलावा अन्य कोई वारिस ना है

इनके इलावा मृतक का अन्य कोई वारिस नहीं है। जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वरिसा के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वंय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जाएगा। यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 17/2/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया ।

तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार, पानीपत

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

श्वेतानक जैन पुत्र श्री सुरेश जैन पुत्र श्री हुकमचन्द निवासी मकान नम्बर 50, सैक्टर-11 पानीपत।

बनाम

जनरल पब्लिक

**अधीन धारा 40-41 रजिस्ट्रेशन एक्त के तहत मरणोपरान्त वसीयतनामा पंजीकृत करने बारे नोटिस**

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि श्रीमति सन्तोष जैन धर्मपत्नी श्री सुरेश जैन पुत्र श्री हुकमचन्द जैन निवासी मकान नम्बर 50, सैक्टर-11 पानीपत ने एक अनरजिस्टर्ड वसीयत दिनांक 04-11-2024 को अपनी सम्पति की बाबत अपने पुत्र श्वेतानक जैन पुत्र श्री सुरेश जैन पुत्र श्री हुकमचन्द के पक्ष मे करवाई थी जिसको मरणोपरान्त पंजीकृत करवाने के लिये प्रार्थी ने मेरे कार्यालय में प्रस्तुत किया है। वसीयतकर्ता श्रीमति सन्तोष जैन जी की दिनांक 22-11-2024 को मृत्यु हो चुकी है। इसलिए इस नोटिस के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वसीयत पंजीकरण होने पर किसी भी व्यक्ति को या वारिस को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति किसी भी कार्य दिवस मे असालतन या वकालतन या कार्यालय की E-Mail ID. tehsildar.panipat@hry.nic.in के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अंदर-2 मेरे कार्यालय में पेश कर सकते हैं। बाद गुजरने मियाद उक्त वसीयत नियमानुसार पंजीकृत कर दी जावेगी।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 14/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत

## खबर संक्षेप

### 11 बोतल शराब सहित तस्कर गिरफ्तार

**मुलाना।** थाना मुलाना क्षेत्र से अवैध शराब की तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी हरप्रीत सिंह को 11 बोतल शराब सहित काबू किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी शराब की तस्करी का अवैध कारोबार करता है। इसी आधार पर पुलिन ने रेड कर आरोपी को शराब समेत काबू किया है। उसके खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

### मॉडल संस्कृति स्कूल में प्रश्नोत्तरी का आयोजन

**बराड़ा।** राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल में एससीईआरटी के तत्वावधान में खंड स्तरीय गणित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार राणा ने की। इस प्रतियोगिता का आयोजन चार श्रेणियों में (चौथी-पांचवीं), (छठी-सातवीं-आठवीं), (नौवीं-दसवीं), तथा (ग्यारहवीं-बारहवीं ) में किया गया। इसमे विभिन्न क्लस्टरों से आए विद्यार्थियों ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### एनएसएस शिविर में किया वॉलंटियर्स ने श्रमदान

**बराड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थंबड़ में चल रहे सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर के तीसरे दिन की शुरुआत एनएसएस गीत के साथ हुई। इसके बाद वॉलंटियर्स ने पौधारोपण किया और न्यूट्रिशन गार्डन की सफाई में श्रमदान किया। विद्यालय में लगे पौधों को खरपतवार मुक्त कर उनकी सिंचाई भी की गई। इसके पश्चात सामाजिक विज्ञान अध्यापिका निशा चौहान ने वॉलंटियर्स को डिजास्टर मैनेजमेंट पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बाढ़, सूखा, भूकंप, ज्वालामुखी, तूफान जैसी आपदाओं के मुख्य कारणों पर प्रकाश डाला।

### समाधान शिविर में सुनीं लोगों की समस्याएं

**नारायणगढ़।** उपमण्डल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में नायब तहसीलदार संजीव अत्री ने लोगों की समस्याएं सुनी। अधिकारियों को समस्याओं को सुना और समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर एक माध्यम जिसके द्वारा आम जन और अधिकारियों के बीच प्यार और विश्वास का रिश्ता बना है। आम जन का विश्वास बढ़ा है कि समाधान शिविर में जाने पर सकारात्मक परिणाम आते है। अत्री ने कहा कि प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10 से 12 बजे तक शिविर आयोजित होता है।

### किरायेदारों की वेरिफिकेशन करवाएं मालिक : प्रभारी

**मुलाना।** थाना प्रभारी बलकार सिंह ने क्षेत्र के सभी पीजी मालिकों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने किरायेदारों की पूरी जानकारी पुलिस को अनिवार्य रूप से दें। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने और अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए यह कदम जरूरी है। थाना प्रभारी बलकार सिंह ने स्पष्ट किया कि किरायेदारों का वेरिफिकेशन न कराने पर पीजी मालिकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि हर पीजी मालिक का कर्तव्य है कि वे अपने यहां रहने वाले लोगों का पुलिस सत्यापन कराएं, जिससे कोई भी असामाजिक तत्व क्षेत्र में छिप न सके।

# 26 वार्डों में चित्रा के महारथी भाजपा के लिए बने चुनौती, अध्यक्ष पद पर भी कड़ी टक्कर

**निकाय चुनाव में भी मिलेगा जनता का प्यार : चित्रा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला सदर नगर परिषद चुनाव में मुकाबला बेहद दिलचस्प हो गया है। लगातार दो विधानसभा चुनावों में मंत्री अनिल विज को कड़ी टक्कर देने वाली आजाद प्रत्याशी चित्रा सरवारा ने चुनाव में चेयरपर्सन पद समेत सभी 32 वार्डों में अपने उम्मीदवार उतारकर मुकाबला कड़ा कर दिया है। इस स्थिति में अब चेयरपर्सन समेत सभी वार्डों से जीत का सपना देखने वाली भाजपा के सामने बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। चित्रा सरवारा ने कहा कि छोटी सरकार कही जाने वाली नगर परिषद में इस बाद बदलाव की आंधी चलेगी। उन्होंने उम्मीद जताई है कि जिस तरह विधानसभा चुनाव में जनता ने उन्हें पुरजोर समर्थन दिया था। इसी तरह अब निकाय चुनाव में भी उनके उम्मीदवारों की जीत होगी।

### ये उतारे उम्मीदवार

चित्रा सरवारा ने 26 वार्डों से उम्मीदवार उतारे हैं। वार्ड 1 से रंजीत कुमार सोनू, विजय कुमार, वार्ड 2 से रुचि चौधरी, वार्ड लता रानी, वार्ड 4 से गीता, वार्ड नंबर पांच से सुशील कुमार, रमन धीमान, वार्ड नंबर 6 से संदीप शर्मा दीप्पी, सुखदेव चौहान, वार्ड नंबर 7 से सुरेंद्र शर्मा, गुरचरण मास्टर, वार्ड नंबर 8 से रोहताश लाल बत्तरा, वार्ड नंबर 9 से सुषमा मनचंदा, वार्ड दस से अश्वनी कुमार शर्मा, वार्ड नंबर 11 से नीलम कश्यप, वार्ड नंबर 12 से जसविंद्र धीमान, वार्ड नंबर 13 से अंजू बाला, वार्ड नंबर 14 से अंडाला सिंह, अंजू सिंह, वार्ड नंबर 15 से निशा परमार, वार्ड नंबर 16 से रवनीत कौर, कविता, वार्ड नंबर 17 से पूजा, वार्ड नंबर 18 से राजन कलसी, वार्ड 19 से जयप्रकाश जेपी, वार्ड नंबर 20 से रजनी रानी, वार्ड नंबर 21 दलबीर सिंह, वार्ड नंबर 22 से सुरेंद्र आहलुवालिया, वार्ड नंबर 23 से अमन, वार्ड नंबर 25 से राहुल सोनकर, वार्ड नंबर 26 से संजीव शर्मा लवली, वार्ड नंबर 27 से आदित्य गोयल, वार्ड नंबर 28 से मीनाक्षी मनचंदा, वार्ड नंबर 30 से अनीता सरगोधे, वार्ड नंबर 31 से रेणू बाला, वार्ड नंबर 32 से विभा खन्ना को उम्मीदवार बनाया गया है। नगर परिषद के चेयरपर्सन पद के लिए मनदीप कौर को मैदान में उतारा गया है।


अंबाला। बाजार में फ्लैग मार्च करते पुलिस के जवान।

### जवानों ने किया बाजारों में फ्लैग मार्च

**अंबाला।** नगर निकाय चुनावों को लेकर पुलिस अलर्ट मोड पर है। चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। मंगलवार को अंबाला कैंट के विभिन्न हिस्सों में पुलिस और आरएएफ की संयुक्त टीम ने फ्लैग मार्च निकाल कर निर्भिक होकर मतदान करने की अपील की। एसएचओ अजैब सिंह की अगुवाई में टीम ने फ्लैग मार्च किया। इसी के साथ पुलिस प्रशासन ने शहरवासियों को बिना किसी दबाव के मतदान करने का आह्वान किया। जिला पुलिस और पैरा मिलिट्री फोर्स ने मिलकर शहर में फ्लैग मार्च निकाला। इसमें जिला पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स के 125 जवान शामिल रहे। कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक अजैब सिंह ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति किसी तरह की अफवाह फैलाता है और किसी को डराने-धमकाने की कोशिश करता है तो उसकी सूचना पुलिस को दी जाए, ऐसे व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### ईवीएम व स्टाफ की रेंडमाइजेशन

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर की अध्यक्षता में मंगलवार को उनके कार्यालय के सभागार में वार्ड वाइज ईवीएम मशीनों व पोलिंग स्टाफ की रेंडामाइजेशन की गई। इस दौरान चुनाव के दृष्टिगत नियुक्त किए गए नगर परिषद अंबाला व नगरपालिका बराड़ा की सामान्य ऑब्र्जवर डॉ. सरिता मलिक व नगर निगम चुनाव के तहत सामान्य ऑब्र्जवर वीना हुड्डा व नगर निकाय चुनाव में खड़े प्रत्याशियों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। चुनाव आयोग की हिदायतों के अनुसार जिले में नगर निकाय चुनाव को पारदर्शी एवं निष्पक्ष रूप से करवाने को लेकर आज यहां चुनाव सामान्य ऑब्जवर व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष ईवीएम मशीनों की रेंडामाइजेशन की गई है। चुनाव के उम्मीदवार 19 फरवरी को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक नामांकन वापिस ले सकते हैं।

### अध्यक्ष प्रत्याशी का नामांकन रद

अंबाला। अंबाला छावनी की एआरओ एवं तहसीलदार प्रियंका ने बताया कि मंगलवार को नगर परिषद अम्बाला सदर के चुनाव के उम्मीदवारों के नामांकन पत्रों की जांच की गई। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष के लिए 4 नामांकन व सदस्य पद के लिए 113 नामांकन पत्र सही पाए गए हैं। उन्होंने बताया कि अंबाला छावनी नगर परिषद अध्यक्ष के लिए 5 नामांकन पत्र प्राप्त हुए थे उनमें से जांच के बाद 4 नामांकन पत्र स्वीकार किए गए हैं। उन्होंने बताया कि एक नामांकन पत्र अस्वीकार किया गया है जोकि निर्दलीय उम्मीदवार ममता रानी का है। जांच-पड़ताल उपरांत नामांकन पत्र के दस्तावेजों में त्रुटि होने के चलते उसे रद्द किया गया है।

इसी प्रकार सदस्य पद के लिए 114 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए थे जिसमें से 113 नामांकन पत्र स्वीकार किए गए है। एक नामांकन पत्र अस्वीकार किया गया है जोकि वार्ड नंबर 24 से निर्दलीय उम्मीदवार किरण का था। उन्होंने बताया कि चुनाव के दृष्टिगत सम्बधिंत उम्मीदवार 19 फरवरी को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक नामांकन वापिस ले सकते हैं। इसी दिन 3 बजे के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आबंटित कर दिए जाएंगे।

### सामान्य और खर्चा पर्यवेक्षक नियुक्त

**अंबाला।** नगर निकाय चुनाव को शांतिपूर्वक व निष्पक्ष तरीके से संपन्न करवाने के जिला प्रशासन द्वारा चुनाव आयोग की हिदायतों की अनुपालना के तहत कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सामान्य पर्यवेक्षक, खर्चा पर्यवेक्षक व पुलिस ऑब्जर्वर निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि नगर निगम के तहत मेयर पद के लिए उप चुनाव तथा नगर पालिका बराड़ा के लिए चेयरमैन पद के लिए, सदस्य पद के लिए तथा अंबाला छावनी नगर परिषद के लिए चेयरपर्सन तथा सदस्य पद के लिए नामांकन भरने की प्रक्रिया बीते कल पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि नगर परिषद अंबाला व नगरपालिका बराड़ा के लिए सामान्य ऑब्जर्वर एचसीएस डॉ. सरिता मलिक (9915777222) को लगाया गया है। चुनाव से जुड़ी कोई भी जानकारी या समस्या है तो प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक लोक निर्माण विश्राम गृह अंबाला छावनी में उनसे संपर्क किया जा सकता है। इसी प्रकार नगर निगम चुनाव के तहत सामान्य ऑब्जवर एचसीएस वीना हुड्डा (9711188698) को नियुक्त किया गया है। नगर निकाय चुनाव के दृष्टिगत खर्चा ऑब्जर्वर अजय कुंडू (9953985012) को लगाया गया है। कोई भी व्यक्ति चुनाव से संबंधित खर्चे बारे या अन्य इससे सम्बन्धित विषय को लेकर लघु सचिवालय छावनी में तृतीय तल पर स्थित डीईटीसी कार्यालय में प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक सम्पर्क कर सकता है। इसी प्रकार नगर निकाय चुनाव के लिए पुलिस पर्यवेक्षक मनीष आईपीएस (9646990221) को लगाया गया है।

# वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से जमाया रंग

- छात्रों का जोश देख अभिभावक भी उत्साहित नजर आए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के न्यू लक्ष्मी नगर स्थित मॉर्निंग ग्लोरी स्कूल में 18वें वार्षिक उत्सव 'विवित्सा' की धूम रही। समारोह को लेकर स्टाफ, बच्चों और अभिभावकों का जोश एवं उत्साह देखते ही बनता था। बच्चों की एक प्रस्तुति के दौरान तो अभिभावक इतने भावुक हो गए कि उन्होंने मंच पर चढक़र अपने बच्चों को गले से लगा लिया।

समारोह के मुख्य अतिथि जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा थे, जबकि हारट्रोन स्किल सेंटर के प्रबंध निदेशक नरेश कुमार ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में शिरकत की। सर्वप्रथम, मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के साथ स्कूल की प्रबंध निदेशक मीना कुमारी, निदेशक महेंद्र भटनागर, प्रधानाचार्या मालती अरोड़ा, प्रबंधक काम्या बत्तरा, सलाहकार समिति सदस्य राकेश गोयल, सतपाल ग्रोवर, डॉ. मिनी सपरा, ने माता सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने कहा कि जब हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के सपने की बात करते हैं तो उस अवधारणा में एक बिन्दु यह भी है कि देश का हर नागरिक एवं संस्थान अपने नियमित कार्यों को भी उत्कृष्टता के साथ करें। उनमें अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दे। वार्षिक उत्सव 'विवित्सा' के दौरान मॉर्निंग ग्लोरी स्कूल के प्रबंधन, स्टाफ एवं बच्चों ने जिस प्रकार का उदाहरण प्रस्तुत किया है, उससे लगता है कि विकसित भारत के सपने को साकार करने में मॉर्निंग ग्लोरी स्कूल पहले से अपना योगदान दे रहा है। उन्होंने एंकरिंग कर रही छात्राओं भव्या और मानसी की प्रशंसा करते हुए उन्हें विशेष तौर पर सम्मानित किया। प्रधानाचार्या मालती अरोड़ा ने अतिथियों को सम्मानित करने के बाद विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अभिभावकों तथा स्टाफ सदस्यों के सहयोग के कारण ही उनका स्कूल तरक्की कर रहा है। स्कूल के निदेशक महेंद्र भटनागर ने विद्यार्थियों को संबोधन करते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को अपने जीवन का सही लक्ष्य चुनना चाहिए, ताकि वह अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सके। सलाहकार समिति की सदस्य डा. मिनी सपना ने अपने खास अंदाज में अभिभावकों को उनके बचपन की याद दिलाते हुए बच्चों की भावनाओं का ख्याल रखकर उन्हें आगे बढऩे में मदद करने के टिप्स दिए।

वार्षिक उत्सव 'विवित्सा' के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की शुरुआत गणेश वंदना व हनुमान चालीसा से हुई। इसके बाद बच्चों ने राजस्थानी लोक नृत्य, कव्वाली, महाभारत प्रसंग, मराठी लावणी, पंजाबी भांगड़ा आदि के माध्यम से हमारे देश की संस्कृति को अपने-अपने अंदाज में प्रस्तुत किया। स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने परिवार की महत्वता व मोबाइल से होने वाले दूर प्रभाव को समझाते हुए नृत्य प्रस्तुति दी। अभिभावकों ने न केवल इस समारोह के दौरान अपने बच्चों की प्रस्तुतियों का लुत्फ उठाया, बल्कि प्रश्नोत्तरी में भाग लेकर इसका अभिन्न अंग भी बने। समारोह का अंत राष्ट्रीय गान के साथ हुआ।



अंबाला। सांस्कृतिक प्रस्तुति देते बच्चे।

## न्यूज डायरी

### शिविर में दो सौ लोगों का स्वास्थ्य जांचा

**अंबाला।** फिलाडेल्फिया अस्पताल द्वारा एक बार फिर मानवता की सेवा हेतु अपने कार्यों की श्रंखला में कलवारी फेलोशिप संस्था के साथ संयुक्त रूप में सुंदर नगर अंबाला कैंट में फ्री मेडिकल कैंप आयोजित किया गया है। इस मेडिकल कैंप को डॉक्टर सुनील सादिक के कुशल नेतृत्व में डॉक्टर्स की टीम के द्वारा 200 से अधिक महिलाओं एवं पुरुषों और बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की एवं जिन जरूरतमंद लोगों की आंखों में मोतिया या अन्य परेशानी थी उन्हें मुफ्त सर्जरी एवं मुफ्त दवाइयों का वितरण भी किया गया।

### राजकीय महाविद्यालय में व्याख्यान आयोजित

**नारायणगढ़।** राजकीय महाविद्यालय में एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्राचार्या खुशीला की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ की इंचार्ज प्रोफेसर रेनू कुमारी एवं आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) की इंचार्ज डॉ. सीमा राणा एवं समिति के सदस्यों के सहयोग से यह विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसका विषय 'साइबर अपराध का मनोवैज्ञानिक प्रभाव डिजिटल युग में महिलाओं की सुरक्षा' रहा।

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया

**नारायणगढ़।** डीएवी सीनियर सैकेंडरी पब्लिक विद्यालय में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया जिसमें नागरिक अस्पताल की ओर से विद्यार्थियों को कृमि मुक्ति दवा एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। जिसे प्रत्येक विद्यार्थी ने स्वेच्छा से गोली खाई।स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. आरपी राठी ने बताया कि विद्यालय की कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक के बच्चों को नागरिक अस्पताल की ओर से कृमि मुक्त गोली खिलाई क्योंकि संक्रमण से बच्चों में कुपोषण व खून की कमी होती है।

### डीसी ने अवैध खनन को लेकर दिए निर्देश

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने अपने कार्यालय में अवैध खनन व अवैध अतिक्रमण विषय को लेकर अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें स्पष्ट निर्देश दिए कि इन दोनों विषयों पर समय-समय पर नियमानुसार कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। अवैध खनन व अवैध अतिक्रमण विषय में किसी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। तोमर ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए अवैध खनन विषय पर जिला खनन अधिकारी से जो कार्रवाई की गई है उसकी समीक्षा की।

### छात्रों ने खेल स्पर्धाओं में दिखाया दम



**अंबाला।** अंबाला छावनी के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के स्पोर्ट्स बोर्ड की वाइस प्रेसिडेंट व आर्य गर्ल्स कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. अनुपमा आर्या मुख्य अतिथि रही। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. अजीत सिंह ने मुख्य अतिथि का बुके देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने स्पोर्ट्स मीट के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की पहचान खेलों से है। इसलिए हमें पढ़ाई के साथ साथ खेलों में भी भाग लेना चाहिए। प्रिंसिपल डॉ. अजीत सिंह व कार्यवाहक प्रिंसिपल डॉ. देशराज बाजवा ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भी भेंट किया। प्रतिभागियों ने मार्च पास्ट किया व बेहतर अनुशासन में खेलने की शपथ ली।खेल विभाग के इंचार्ज डॉ. रामकुमार ने बताया कि दो दिवसीय स्पोर्ट्स मीट में सौ ,दो सौ ,चार सौ,आठ सौ,पंद्रह सौ व पांच हजार मीटर की रेस होगी। इसके अलावा डिस्कस थ्रो,शॉट पुट, लोंग व हाई जंप,जेवलिन थ्रो व रिले रेस जैसे आयोजन किए जाएंगे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि विजेताओं को सर्टिफिकेट व नकद पुरस्कार देंगे। इस मौके पर कॉलेज काउंसिल सहित सभी टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

# 45 लाख में सीधे अमेरिका भेजने की हुई थी डील

- चार महीने कोलंबिया में फंसा रहा युवक
- अमेरिका से डिपोर्ट होने के बाद युवक ने एजेंटों पर लगाए ठगी के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अमेरिका से डिपोर्ट किए गए मोहाली के युवक की शिकायत पर पुलिस ने यहां के दो ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपियों की पहचान गुरजिंदर अंटाल और मुकुल के तौर पर हुई जोकि अंबाला कैंट के रहने वाले बताए जा रहे हैं। । दोनों एजेंट ने युवक को 45 लाख रुपए लेने के बाद अमेरिका भेजा था। पीड़ति का आरोप है कि जब रास्ते में वह 4 महीने फंसे रहे तो उन्होंने वापस इंडिया भेजने की बात कही। इस पर एजेंटों ने ऑडियो मैसेज भेजकर कहा कि अब तो जाना ही पड़ेगा, पीछे मुडनें का सवाल ही नहीं है। आरोपी ने सारी रकम अमेरिका पहुंचने से पहले ही ले ली थी। पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज हुआ है। पुलिस को दी शिकायत में मोहाली के तरनवीर सिंह ने बताया है कि दोनों आरोपी गुरजिंदर अंटाल और मुकुल बिजनेस पार्टनर हैं। वह अपने दोस्त गुरशरण सिंह वासी बूथगढ़ ने माध्यम से आरोपियों से मिला था। आरोपी गुरजिंदर मेरे दोस्त का दूर का रिश्तेदार है। 10 जुलाई 2024 को उसने अपना पासपोर्ट दोनों आरोपियों को दिया था। गुरजिंदर सिंह ने उसे बताया था कि उसे फ्लाइट के जरिए यूएसए पहुंचा देंगे। इतना ही नहीं, उसे वहां पर काम का इंतजाम भी कर देंगे। उसके वहां पर अच्छे लिंक है। इसके लिए उसे 45 लाख रुपए देने होंगे। उसके कोलंबिया पहुंचने पर 18 लाख रुपए आरोपी को उसके घरवालों ने दिए थे। इसके बाद जब वह मेक्सिको पहुंच गया तो आरोपी शेष रकम उसके घर आकर पिता से ले गया था। सफर के दौरान उसे और उसके साथियों को 4 महीने कोलंबिया में रुकना पड़ा था। इस बारे में आरोपियों ने पहले कुछ नहीं बताया था। जब वह वहां पर फंस गए तो उन्होंने कहा कि वह गलत तरीके से अमेरिका नहीं जाना चाहता है। उसे वापस बुला लो। इस पर गुरजिंदर ने ऑडियो मैसेज भेजकर कहा कि अब तुम्हें वापस नहीं बुला सकते हैं ,तुझे वहां जाना ही पडेग़ा। पीड़ति ने बताया कि उसने यह सारी बात अपने घरवालों को बताई। फिर उसके पिता ने मुकुल को अपने गांव बुलाया। उसे कहा कि हमारे बेटे को वापस बुला लो। हम गैर कानूनी तरीके से बेटे को अमेरिका भेजना नहीं चाहते हैं। इस पर मुकुल का जवाब था कि अब तो उसे आगे ही जाना पड़ेगा। उसे किसी भी कीमत पर वापस नहीं बुला सकते हैं। जबकि उसने उन्हें कहा कि वहां तक पहुंचने के लिए जो भी खर्च आया है वह पैसे भले ही वह रख ले लेकिन आरोपियों ने उनकी एक नहीं सुनी। तरनवीर ने बताया कि इस सफर में उन्हें काफी मुश्किल सहनी पड़ी है। गलत तरीके से उन्होंने अमेरिका का बॉर्डर क्रॉस किया। इससे पहले रास्ते में उन्हें बहुत टॉर्चर किया गया। रोटी व पानी के बिना कई दिन गुजारने पड़े। जब हम अपने साथ बीत रही बात घरवालों को बताते थे, तो इनके ट्रैवल एजेंट के कहने पर डोंकर हमें मारते पीटते थे। जान से मारने की धमकियां देते थे। इन्होंने यह बात बिल्कुल नहीं बताई थी कि रास्ते में उन्हें पैदल जाना पड़ेगा, या फिर छोटी किश्ती के माध्यम से सफर करना पडेग़ा। हमें तो फ्लाइट और क्रूज के जरिए भेजने के सपने दिखाए गए थे।

### युवाओं को नशा न करने के लिए जागरूक किया

**कैथल।** नशे के खिलाफ कैथल पुलिस का जन जागरूकता अभियान लगातार जारी है। जिला कैथल में पीएसआई रामलाल, एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार तथा होमगार्ड शमशेर को शामिल करके नशा जागरूकता टीम बनाई गई है। जो उक्त टीम गांव गांव जाकर आमजन सहित युवा वर्ग को नशे के दुष्प्रभाव बारे जागरूक कर रही है। मंगलवार को उक्त टीम द्वारा सांपली खेड़ी, मुंदड़ी, पूंडरी, फतेहपुर व जगदीशपुरा कालेज में विद्यार्थियों, महिलाओ व आमजन को नशे के कारण होने वाले नुकसान के बारे मे बताया गया। गौरतलब है कि नशीले पदार्थों का समाज में तेजी से चलन बढ़ रहा है। जिसकी चपेट में नवयुवक आ रहे हैं। युवाओं में विशेष कर स्कूल/कॉलेज के छात्र-छात्राओं में नशे की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है।

### घर में घुस महिला से किया दुष्कर्म

**कैथल।** थाना सदर पुलिस कैथल के तहत आने वाले क्षेत्र के गांव में घर में घुसकर एक महिला के साथ दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध थाना सदर पुलिस के तहत आने वाले गांव की एक 40 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 15 फरवरी को रात के समय खुराना गांव का सतीश कुमार उसके मकान में घुस गया। आरोप है कि आरोपी ने उसके साथ मारपीट करते हुए जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया। यह भी आरोप है कि आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। बाद में आरोपी मौके से फरार हो गया। मामले के जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल जयपाल ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

**जीएमएन कॉलेज में शिक्षकों के लिए बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित**

# बैडमिंटन प्रतियोगिता पर डॉ. धर्मवीर ने जमाया कब्जा

- खेल गतिविधियों से स्वस्थ वातावरण का निर्माण : दत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जीएमएन कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षकों (पुरुष वर्ग) के लिए एक विशेष बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन कॉलेज के प्रतिष्ठित पीसी जोशी मेमोरियल ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में कॉलेज के समस्त शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। डॉ. सुरजीत इस मैच के कार्यवाहक प्रभारी रहे। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की खेल गतिविधियां न केवल शिक्षकों के बीच सौहार्दपूर्ण संबंधों को प्रगाढ़ करती हैं, बल्कि कॉलेज में एक सकारात्मक और स्वस्थ वातावरण का निर्माण भी करती हैं। उन्होंने आगे कहा कि नियमित रूप से ऐसे आयोजन करने से शिक्षकों की कार्यक्षमता और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है, जिससे वे अधिक ऊर्जावान और प्रेरित होकर शिक्षण कार्य कर सकते हैं।

इस बैडमिंटन प्रतियोगिता में शिक्षकों ने बड़े जोश और उमंग के साथ भाग लिया। प्रारंभिक दौर से लेकर फाइनल तक कई रोमांचक मुकाबले देखे गए। सभी प्रतिभागियों ने बेहतरीन खेल भावना का परिचय दिया और दर्शकों को रोमांचक क्षण प्रदान किए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर डॉ धर्मवीर सैनी रहे द्वितीय स्थान डॉ. कुलदीप यादव को मिला। तृतीय स्थान डॉ. दीपक ने अर्जित किया। इस अवसर पर कॉलेज के कई वरिष्ठ शिक्षक, डॉ. एसएस नैन, डॉ.राजेंद्र देशवाल डॉ. एसके पांडे, डॉ क्तप्ति शर्मा, बृजेश कुमार, डॉ. अनुराधा ,डॉ. ज्योति ,कमलेश एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी गण मौजूद रहे। शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रमुख बृजेश कुमार ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि खेलों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। यह न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने का माध्यम है, बल्कि मानसिक मजबूती और अनुशासन को भी विकसित करता है।


अंबाला। प्रतियोगिता के विजेता शिक्षक।

### मेक कैथल वाटर पॉजिटिव मुहिम के लिए पंचायतों से आगे आने की अपील

**कैथल।** मंगलवार को जल जीवन मिशन के तहत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की ओर से अग्रसेन धर्मशाला जखोली अड्डा कैथल में एकदिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन करवाया गया।

कार्यशाला में कैथल खंड के 20 गांव के सरपंचों, पंचों, ग्राम सचिवों व स्वयं सहायता समूह ने भाग लिया। कार्यशाला में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के वासो के दीपक कुमार ने बताया कि हमें पानी की एक-एक बूंद का इस्तेमाल करना चाहिए,व पानी के दुरुपयोग नहीं करना चाहिए। उन्होंने ग्राम पंचायतों से मेक कैथल वाटर पॉजिटिव मुहिम को सफल बनाने की अपील की।